सेंसेक्स 74,119.39 ▲ +33.40
डॉलर 82.754 ▼ +0.031

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 15.0 | 24.0 |
| धनबाद | 30.0 | 16.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 29.0 |
| पलामू | 31.0 | 14.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 10 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 143, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. **61316/94** www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय वायु प्रदूषण का मूल कारण मनुष्य की ... 04



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी ... 08 देश/विदेश



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



शिशु देखभाल अवकाश योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते अधिकारीगण

झारखण्ड सरकार का प्रयास

**मिले बच्चों को मां का दुलार ...**

वर्षों से ममता मांग रही थी अवकाश .... झारखंड सरकार ने ममत्व को समझा और दिया उपहार .. अब झारखण्ड सरकार में कार्यरत नौकरीपेशा महिलाएं ले सकेंगी **730 दिनों का मातृत्व अवकाश..**

**शिशु देखभाल अवकाश योजना**

महिलाकर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए पूरे कार्यकाल में दो वर्षों की छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ तलाकशुदा और एकल पुरुषों को भी मिलेगा। महिलाकर्मियों को नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए मिलेगी 730 दिनों की छुट्टी।

**सरकार के महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनायें**

- सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत राज्य की सभी महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का लाभ।
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 8 लाख से अधिक बेटियों को आर्थिक सहायता
- राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुनर्विवाह हेतु विधवा महिलाओं को ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- 30 हज़ार से अधिक माताओं - बहनों को फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत जोड़ा गया।
- सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को विगत 4 वर्षों में ₹9 हजार करोड़ से अधिक राशि बैंक क्रेडिट
- पलाश ब्रांड बना लाखों महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायक



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 322032 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### डीएमओ ने अवैध क्रशर किया सील

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में डीएमओ आंनद कुमार जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर रोकथाम की दिशा में लगातार सक्रिय हैं। जिला खनन पदाधिकारी श्री कुमार के द्वारा अवैध खनन से जुड़े लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को डीएमओ द्वारा बिहार से सटे हरिहरगंज के इलाके में अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील किया गया। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य के गया जिले के डुमरिया निवासी विजय यादव,अनिल चंद्रवंशी,पारीख यादव,दिवाकर शर्मा, राकेश ठाकुर व जैधी खान द्वारा अवैध रूप से हरिहरगंज के सुदूरवर्ती क्षेत्र में क्रशर का संचालन किया जा रहा था।डीएमओ ने बताया कि इन सभी के द्वारा बिहार में अवैध चिप्स एवं बोल्डर की सप्लाई की जाती थी।

### आर्थिक नाकेबंदी से फंसे मालवाहक

**सतबरवा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा पेंशन की मांग व छूटे आंदोलनकारियों को चिन्हित करने को लेकर शनिवार को एक दिवसीय नाकेबंदी की गई। जिससे सैकड़ों मालवाहक जाम में फंसे रहे। आंदोलनकारियों ने सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह लाईन होटल के पास एनएच-39 को पांच घंटा तक जाम रखा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आंदोलनकारी उसके बाद स्वतः जाम हटा लिये। इस मौके पर कन्हाई साव, मुरारी साव,मनोहर साव, मनोज साहू ,विजय कुमार साहू ,उपेंद्र साहू ,लखन साहू, मुन्ना साहू,जयंत साहू,राजकुमार साहू, मोहन उरांव ,बंधन मिस्त्री मौजूद थे। शांति व्यवस्था के मद्देनजर सतबरवा थाने के एसआई बसंत दुबे पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

### अंजू देवी ने लगायी सर्वाधिक बोली, सुरक्षा प्रबंध चाक-चौबंद

# टैक्सी स्टैंड के लिए 25.10 लाख रुपए सैरात की बंदोबस्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को हुसैनाबाद टैक्सी स्टैंड सैरात की बंदोबस्ती 25 लाख 10 हजार रुपये में की गई। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी में प्रवेश करने वाले वाहनों से नगरपालिका वाहन शुल्क वसूली के लिए निविदा निकाली गई थी, जिसमें दो लोगों ने भाग लिया। इसमें अंजू देवी और सुशील कुमार सिंह द्वारा बंदोबस्ती के लिए बोली लगाई गई। जिसमें अंजू देवी ने अधिकतम बोली 25 लाख 10 हजार रुपये पर बंदोबस्ती उनके नाम की गई। उन्होंने बताया कि इस बंदोबस्ती को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के बाहर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर कनीय अभियंता बृजलाल यादव,गुलेश अंसारी, नाजिर रविकांत पटेल, उमेन्द्र ठाकुर मौजूद थे।

### मोहम्मदगंज में मंडप निर्माण का शिलान्यास



**हुसैनाबाद/मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज में जिला पार्षद अंजू देवी की अनुशंसा पर शनिवार को मोहम्मदगंज - जपला मुख्य पथ मे बीएसएनएल टावर के पास वीर कुंवर बाबा परिसर में 15वें वित्त मद से मंडप निर्माण कार्य का शिलान्यास युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने किया। मौके पर अवधेश यादव, धनजी यादव, मनोज सिंह, रामनाथ यादव, रौशन, कवींद्र, नन्दू गुप्ता, बिगन राम, पप्पू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सुलभ, सुगम व ससमय परिचालन का दावा फेल, जताया रोष

# पैसेंजर ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुविधाओं की अनदेखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेलमंडल के बीडी रेलखंड पर पलामू जिले के यात्रियों के लिये लाइफ लाइन कही जाने वाली डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह स्पेशल पैसेंजर नं. 03363 / 03364 शटल ट्रेन व ट्रेन नं. 03341 / 03342 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन में महिला यात्रियों की सुविधाओं की घोर अनदेखी की जा रही है। शनिवार को भी उक्त ट्रेनें तीन घंटे विलंब से जपला स्टेशन पहुंची। इससे परेशान यात्री बारबार पूछताछ काउंटर पर ही अद्यतन जानकारी लेने के लिये भागदौड़ करते रहे। एक पखवारे से ट्रेनों के विलंबित परिचालन से बेहाल यात्रियों पर पैसेंजर ट्रेनों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव का दो-तरफा मार पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि थर्ड लाइन चालू होने के बाद भी ट्रेनों का समय से परिचालन व यात्रा सुगम व सुलभ होने का रेल प्रशासन का दावा पूरी तरह फेल हो गया है। उन्होंने कहा कि इस रेलखंड पर खनिज संपदा की ढुलाई के लिये सर्वाधिक मालगाड़ियों का परिचालन किया जाता है। जिससे निर्धारित समय पर सवारी गाड़ियों को चलाने में रेल प्रशासन को विफलता हाथ लग रही है। मालगाड़ियों के बेधड़क परिचालन के लिये आज भी सवारी ट्रेनों को बेवजह जहां-तहां स्टेशनों पर खड़ी कर दी जाती है। ऐसे में पैसेंजर ट्रेनों में पानी व शौचालय की सुविधा नहीं होने से विशेषकर महिला यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने रेलवे के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

# बूथ विवाद की जांच करने पहुंचे अपर समाहर्ता

### बीएलओ को लगायी फटकार, दिये दिशा-निर्देश

### जोगा पंचायत के ग्राम बिरजा व कुल्ही में वर्ष 2009 से चला आ रहा विवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोगा पंचायत के ग्राम बिरजा और कूल्ही में बूथ विवाद के मामले में मौके पर पहुंचे अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने गहन छानबीन की। बूथ संख्या 186 पर अपर समाहर्ता श्री कुमार ने संध्या कुमारी से आवश्यक जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार कुल्ही व बिरजा गांवों के मध्य पोलिंग बूथ को लेकर वर्ष 2009 से ही विवाद चला आ रहा है। इस बार भी दोनों गांवों का बूथ कुल्ही में ही है। ग्राम बिरजा के ग्रामीणों का कहना है की वे लोग कुल्ही वोट डालने नहीं जायेंगे। विरोध में ग्रामीणों ने कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया है। जांच के क्रम में अपर समाहर्ता ने कहा कि बीएलओ अपना कार्य ठीक से नहीं कर रही हैं। अभी 481 वोटरों का आधार नही जुड़ा है। वहीं हाउस टू हाउस सर्वे भी नहीं किया गया है। बीएलओ के कार्यों में बहुत खामियां है। उन्होंने बीएलओ को तत्काल खामियों को दूर करने का निर्देश दिया।

### मलय डैम के तट पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन

# मेलजोल बढ़ाने का साधन हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड पांकी विधानसभा क्षेत्र के सेरंगदाग मलय डैम के तट पर शिवरात्रि पूजा के उपलक्ष्य में शनिवार को नव युवक संघ के द्वारा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, प्रमुख रीमा देवी,उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव व घुटूआ मुखिया मनिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सभी को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुये पूर्व विधायक ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन परस्पर मेलजोल बढ़ाने का प्रमुख साधन हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक के हवा-हवाई वायदों से आम जनता आजिज आ चुकी है। चुनाव में करारा जबाब देगी। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बेहर काम कर रही थी। बिना किसी जुर्म के जेल में डाल दिया गया। हेमंत सोरेन दिशोम गुरु का बेटा है। किसी से डरने वाले नहीं हैं। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि इस जगह पर डेढ़ लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर श्याम बिहारी प्रसाद,संजय यादव,नव युवक संघ के अध्यक्ष बबलू यादव , अवधेश सिंह चेरो, भरदुल सिंह, सदर प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह, उमेश यादव, मुकेश यादव मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिनेश मोहक व खुशबू कुमारी एंड ग्रुप ने मनोरंजक प्रस्तुति दी।

# घर का ताला तोड़ कर नगदी व जेवरात चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द मोहल्ला में शुक्रवार की रात चोरों ने मकान के दरवाजा का ताला तोड़कर नगदी सहित गहने चुरा लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। मालूम हो कि सनोज यादव के घर में किराए पर रह रहे केदार साव के घर से करीब 10 हजार नगद सहित तीन जोड़ा पायल, एक सोना का टप, सोने व चांदी की ज्यूतिया, चांदी का सिंहोरा तथा छह जोड़ा पौरिया चोरों ने चुरा लिया है। भुक्तभोगी ने बताया कि मेन गेट का ताला तोड़ते हुए बगल के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया है। इस दौरान चोरों ने जिस कमरे में परिजन सोये थे तथा पड़ोसी किरायेदार धर्मेंद्र यादव के घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। चोरी के बाद चोरों द्वारा मोहल्ला के बाहर गेहूं के खेत में तीन बक्सा, कपड़े सहित अन्य कागजात फेंक दिया गया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस जांच में जुट गयी है। हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि स्थल पर जाकर मामले की जांच की गयी है। चोरों की तलाश की जा रही है।

# जिला व राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकते हैं खिलाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज स्थित सिंचाई विभाग के खेल मैदान में सद्भावना कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने राष्ट्रगान के साथ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लेने के बाद गेंद को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब का बराबर प्रयास है कि हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं को जिला व राज्य स्तरीय टीम में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं को एक बेहतर मंच मिलेगा। भविष्य में यही खिलाड़ी जिला और राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। मौके पर सीवी रमन सिंह, मानिक चंद्र सिंह, धीरेन्द्र कुमार, बद्रीनारायण सिंह, आनंद सिंह, योगेन्द्र सिंह, नदीम खान, जवाहर पासवान, सनोज, राजेश सहित हजारों दर्शको ने खेल का आनंद लिया। रेफरी धीरेन्द्र बैठा, लाइनमैन सत्येंद्र कुमार व विजय कुमार के अलावे विवेक, विशाल, बंटी आदि युवा सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### वीर पहाड़ी शिव मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु

# देवों के देव हैं महादेव




**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी/सगालीम।** देवों के देव हैं महादेव। जो भी भक्त सच्चे मन से उनकी आराधना करता है। भोलेनाथ उसकी समस्त मनोकामनाओं की सहज ही पूर्ति करते हैं। प्रखंड के वीर पहाड़ी शिव मंदिर सहित क्षेत्र के जोतांग, खबरमंडा, गौरीदह, सीलदीलिया आदि स्थानों पर आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने यह बातें कहीं। उन्होंने भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा -अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर समाजसेवी अनूप गुप्ता, केकरगढ़ के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, गोवर्द्धन यादव, कुलेश्वर यादव, विजय यादव, विनय शर्मा, दिनेश शर्मा, दामोदर यादव, निरंजन सिंह, उपेंद्र गुप्ता, दिनेश तिवारी, मनीष कुमार उपस्थित थे।

# विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर पंचायत के चेतमा में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने विधि-विधान पूर्वक पूजन कर किया। विधायक ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित सड़क के बन जाने से गांव के विकास को गति मिलेगी। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि विकास की राजनीति को ध्यान में रखकर चुनाव में मतदान करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। विदित हो कि ग्रामीणों के विशेष अनुरोध पर विधायक के हस्तक्षेप के बाद जिला अनावद्ध राशि से इस पथ का निर्माण होगा।

### जल सहिया को दिया गया प्रशिक्षण, दिये निर्देश

# सेहत व खुशहाली से है पानी का संबंध



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण गतिविधियों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक स्वच्छता कोआर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह व विरेंद्र कुमार ने बताया कि पानी की गुणवत्ता के बारे में जानना बेहद जरूरी है। क्योंकि इसका सीधा संबंध लोगों की सेहत और खुशहाली से है। पानी की गुणवत्ता की जांच अब सामुदायिक अधिकार के तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल मिशन पानी की गुणवत्ता की निगरानी एवं परीक्षण के साथ-साथ कृषि को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी गयी जानकारी से ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य करें। मौके पर प्रतिभागी सविता देवी,बेबी कुमारी, कविता देवी,सुमन देवी, अनु देवी मौजूद थीं।

# हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर जयघोष के साथ अनुष्ठान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पुरानी ठाकुरबाड़ी कुर्मीटोला स्थित श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रथम वर्षगांठ व पांच दिवसीय अनुष्ठान को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। यह आयोजन श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा किया गया। इसकी शुरूआत मंदिर परिसर से की गयी। जय हनुमान के जयघोष के साथ नगरवासी मकबरा रोड, पुरानी बाजार, लम्बी गली, गांधी चौक, मेन बाजार रोड समेत प्रमुख मार्गों व चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। इस दौरान श्रीवृंदावन से पधारीं शिखा चतुर्वेदी द्वारा संगीत मय राम कथा प्रवचन का भी आयोजन किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से सुबोध सौंडिक, पवन अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सुनीता चौधरी, मनीष कुमार, मनु अग्रवाल, प्रकाश लाल अग्रवाल, मिलन,सुरेंद्र चौधरी, सुनील सौंडिक, अजीत अग्रवाल, विजय प्रसाद मौजूद थे।

# सभी को साथ लेकर चलने का नाम है महादेव

### आप नेता ने क्षेत्र में लगे महाशिवरात्रि मेले का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** सभी वर्गों और सभी लोगों को साथ लेकर चलने का नाम महादेव है। हम सभी को सिर्फ उनकी आराधना ही नहीं, बल्कि उनसे सीख लेने की जरूरत है। क्षेत्र में लगे महाशिवरात्रि मेले के भ्रमण के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने यह बातें कहीं। उन्होंने क्षेत्र के जोतांग,खपर मंडा,पांकी,सिलदिलिया,महादेव माडा, श्रीकेदाल,जीरो समेत कई जगहों पर लगे मेला कार्यक्रमों में भाग लिया। मेला कमेटी के लोगों ने श्री जायसवाल का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अरुण वर्मा, राकेश कुमार रवि, दीपक कुमार,गौतम गुप्ता, बबलू यादव, पंकज यादव, अशोक सिंह मौजूद रहे।

### व्यवस्था — जपला एसबीएस कॉलेज में 1388 उपस्थित, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

# स्नातक सेमेस्टर टू की परीक्षा में 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर - टू सत्र 2022-26 की परीक्षा शहीद भगत सिंह परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चल रही हैं। शनिवार को इसमें कुल 1411 परीक्षार्थियों में 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 1388 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक प्रो. संजय कुमार सिंह ने परीक्षा का निरीक्षण कर बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है। परीक्षार्थियों की मेन गेट व परीक्षा कक्ष में भी कड़ाई से जांच की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं को नकल रहित तरीके से संपन्न करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल के अलावा महिला पुलिस की ड्यूटी भी निर्धारित हुई है। ताकि परीक्षा का संचालन कदाचार मुक्त हो सके। इस मौके पर ममता कुमारी, संजय सिंह, कंचन सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, अरविंद कुमार सिंह, निखिल सिंह, अनिल कुमार, अखिलेश पाल समेत कई वीक्षक सक्रिय रहे।

# पिपरा के धीरेंद्र बने कनीय अभियंता, लोगों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के दलपतपुर पंचायत के धुसरुआ गांव निवासी केसरी यादव के पुत्र धीरेंद्र कुमार इंजीनियरिंग कर नगर विकास एवं आवास विभाग में जेई के पद में नियुक्त हुये हैं। किसान के बेटे के समायोजन पर हर्ष जताते हुये नागरिकों ने धीरेंद्र को बधाई दी है। विदित हो कि धीरेंद्र की प्राथमिक शिक्षा लभरा से हुई है। बभंडी हाई स्कूल में प्लस टू करने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय माता-पिता के साथ भैया और भाभी को दिया है। प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, मुखिया मीना देवी, मुखिया पति राजेंद्र प्रसाद यादव, हरेंद्र यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, संजय यादव, हरि यादव, शिवलाल यादव, सुनील यादव, मनोज राम, दुधेश्वर यादव, सिकेन्द्र यादव, नंदू राम, राजेंद्र सिंह, नंदू यादव, सुदर्शन पासवान, शिक्षक विनेश राम समेत कई लोगों ने फूल माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर उन्हें बधाई दी है।

सेंसेक्स 74,119.39 ▲ +33.40
डॉलर 82.754 ▼ +0.031

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 15.0 | 24.0 |
| धनबाद | 30.0 | 16.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 29.0 |
| पलामू | 31.0 | 14.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 10 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 143, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय वायु प्रदूषण का मूल कारण मनुष्य की ... 04


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी ... 08 देश/विदेश





झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा जामताड़ा जिला में

**वीरग्राम-बरबेंदिया पुल (4-Lane PSC Bridge)**

## निर्माण कार्य का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: अपराह्न 12:30 बजे
स्थान: वीरग्राम फुटबॉल मैदान, जामताड़ा

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामय उपस्थिति

**श्री शिबू सोरेन**
माननीय सांसद (राज्य सभा)

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड


**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

₹263.88 करोड़ परियोजना की लागत

सेतु की लंबाई 1584 मीटर | पहुंच पथ की लंबाई 1400 मीटर

कुल लंबाई 2984 मीटर



गिरिडीह जिलान्तर्गत

## पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: 2.00 बजे अपराह्न
स्थान: मधुबन संक्रांति मेला मैदान, पीरटांड, गिरिडीह

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी**
माननीय सांसद, गिरिडीह

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय विधायक, गिरिडीह

योजना की विवरणी

₹639.20 करोड़ से होगा निर्माण | 8,531 हेक्टर भूमि होगी सिंचित

गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखण्ड के 17 पंचायत की 1,09,515 आबादी को लाभ होगा

योजना का कार्य 3 (तीन) वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत के लोगों को होगा लाभ

दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पम्प मोटर से जल पाईपलाईन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

PR No. 322035 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### ओबीसी समाज का महासम्मेलन रांची में आज

**खरौंधी।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखण्ड प्रदेश के द्वारा खरौंधी बाजार में बैठक कर 10 मार्च को रांची के हरमू मैदान में आयोजित महासम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की गई। ओबीसी नेता गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि ओबीसी समाज राजनीतिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्हें मंच के माध्यम से एकत्रित एवं जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओबीसी पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच का महासम्मेलन छोटानगापुर प्रमंडल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने रांची में आयोजित महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। मौके पर जय प्रकाश गुप्ता, प्रहलाद चौधरी, अमित कुमार गुप्ता, विमलेश गुप्ता मौजूद थे।

### पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया नष्ट

**विशुनपुरा।** थाना पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर प्रखंड के सतबहिनी जंगल मे चल रहे अवैध शराब भट्ठी एवं जावा महुआ को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सतबहिनी जंगल में अवैध शराब भट्ठी संचालित होने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी स्थिति में अवैध शराब का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा।

### आमरण अनशन पर बैठे व्यक्ति से मिले एआईएमआईएम नेता

**गढ़वा।** अपनी साली के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर चौक के पास आमरण अनशन पर बैठे गुलाम जिलानी अंसारी से एआईएमआईएम के गढ़वा-रंका विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने मुलाकात की। उनकी मांगों का समर्थन करते हुये उन्होंने कहा कि गुलाम की साली दुलदुलवा गांव निवासी नूरसबा बीबी की हत्या 14 जून 2023 को कर दी गई थी,लेकिन पुलिस-प्रशासन के द्वारा अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र इस मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गयी तो एआईएमआईएम भी धरने पर बैठेगी। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, मंसूर अंसारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख फजिल अहमद उपस्थित थे।

# भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का होगा अनावरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बाबा खोन्हर नाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली,सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा वासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा खोन्हर नाथ की कृपा से गढ़वा का बेहतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अक्षय तृतीया पर इस मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, परेश तिवारी, नीरज तिवारी, टुनटुन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

# फिटनेस दौड़ में महिलाओं ने दिखाया दमखम




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के तत्वावधान में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित पुरैनी प्रगति पब्लिक स्कूल में स्वयंसेवक रितु कुमारी के द्वारा मेरा भारत विकसित भारत नारी फिटनेस दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विरेन्द्र कुमार, कृपा पाल एवं समाजसेवी कमला सिंह ने किया। 150 मी., 300 मी. एवं 600मी. दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। प्रतियोगता में रिमझिम कुमारी प्रथम, शोभा कुमारी द्वितीय तथा साधना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को भारत कप एवं टीशर्ट प्रदान किया गया। मौके पर दीपक कुमार, रिजवान खान, ममता कुमारी, रितेश कुमार उपस्थित थे।

# विवाह मंडप व प्रखंड भवन का किया शिलान्यास

### विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मझिआंव को अनुमंडल बनाने का दिया भरोसा



**मझिआंव।** विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विवाह मंडप एवं थाने के समीप प्रखंड भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हर गांव के सड़क को शहर से जोड़ना, शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल-कॉलेजों का निर्माण एवं ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। मझिआंव को अनुमंडल बनाने का भरोसा देते हुये उन्होंने कहा कि इसके लिये गंभीरता पूर्वक प्रयास किया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार भगत ने कहा कि प्रखंड कर्मियों के आवास का स्थानीय स्तर पर निर्माण हो जाने से काफी राहत मिलेगी। अंचलाधिकारी शंभू राम ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। मौके पर संजय कमलापुरी, पवन गुप्ता, दीपक कुमार,जायसवाल, बीना देवी, पार्वती देवी उपस्थित रहीं।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया उद्घाटन व शिलान्यास, सुदूर अंचल के नागरिकों को मिलेगी राहत

# रंका व रमकंडा प्रखंड को मिली तीन अरब 70 करोड़ की सौगात

### मंत्री ने किया 110 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के रंका व रमकंडा प्रखंड को तीन अरब 70 करोड़ 19 लाख रुपए की सौगात मिली है। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को रंका के टिमन बाजार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की 110 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मंत्री श्री ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का फूल माला पहनाकर एवं पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह खरवार के वंशजों व क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाजसेवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता अपना अधिकार पाने के लिए काफी उम्मीद के साथ जनप्रतिनिधि चुनती है। वे जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, रंका एसडीओ रूद्र प्रताप, बीडीओ देवानंद राम, सीओ शिवपुजन तिवारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, जिपस संपूर्णा देवी, प्रमिला देवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी, अरविंद यादव उपस्थित थे।



मंत्री श्री ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह खरवार के वंशजों व क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाजसेवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

### इन योजनाओं का किया गया उद्घाटन व शिलान्यास

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने 3 अरब 53 करोड़ 69 लाख 17 हजार 600 रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास एवं 16 करोड़ 50 लाख 43 हजार 100 रुपए की लागत से निर्मित योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में ग्रामीण कार्य विभाग की 252.245 किमी सड़क व पुल की दो अरब 22 करोड़ 82 लाख 35 हजार 400 रुपए की लागत से बनने वाली 43 योजनाओं का शिलान्यास, पथ निर्माण विभाग की तीन योजनाओ 34.643 किमी सड़क व पुल दो करोड़ 70 लाख 96 हजार 100 रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन तथा 89 करोड़ 66 लाख 17 हजार 600 रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास, भवन निर्माण विभाग की 19 करोड़ 92 लाख 32 हजार 300 रुपए की लागत से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 13 करोड़ 79 लाख 47 हजार रुपए की लागत से निर्मित सात योजनाओं का उद्घाटन, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की 9 करोड़ 47 लाख 70 हजार 200 रुपए की लागत से बनने वाली चार योजनाओं का शिलान्यास, कल्याण विभाग की 4 करोड़ 73 लाख 40 हजार 300 रुपए की लागत से बनने वाली 21 कब्रिस्तान व सरना देव स्थल की चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास, लघु सिंचाई प्रमंडल की 2 करोड़ 95 लाख 60 हजार 700 रुपए की लागत से बनने वाली पांच योजनाओं का शिलान्यास, भूमि संरक्षण विभाग की एक करोड़ 74 लाख 23 हजार 100 रुपए की लागत से बनने वाली 16 योजनाओं का शिलान्यास, शिक्षा विभाग की एक करोड़ 34 लाख 82 हजार 900 रुपए की लागत से बनने वाली एक योजना तथा जिला योजना मद से एक करोड़ दो लाख 55 हजार 100 रुपए की लागत से बनने वाली सात योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरी दुनियां में किसी भी क्षेत्र में नारी कमजोर नहीं है और न ही आगे कमजोर रहेगी। महिलायें अपार ऊर्जा की भंडार हैं। आवश्यकता है उन्हें समुचित अवसर देने का। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, विनीता आनंद, प्रो. भारती सिंह, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त किया।

**न कमजोर है और न ही कमजोर होगी नारी**

### पंचायत सचिवों के बड़े पैमाने पर तबादले

**डंडई ।** आसन्न लोकसभा चुनाव की अधिसूचना की आहट जिले के सुदूरवर्ती प्रखंडों में भी सुनाई देने लगी है। प्रखंड के पदाधिकारियों के द्वारा ताबड़तोड़ कर्मियों का स्थानांतरण किया जा रहा है। इस क्रम में दो माह पूर्व स्थानांतरित पंचायत व रोजगार सेवकों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। बीडीओ जागो महतो के द्वारा रोजगार सेवकों के बाद अब पंचायत सेवकों के स्थानांतरण का आदेश निर्गत किया गया है। इस दौरान कई पंचायत सचिवों को दो-दो पंचायतों की भी जिम्मेवारी दी गयी है। सुदर्शन राम को रारो और तसरार, नरेश ठाकुर को डंडई और करके , सुनील कुमार को पचोर, राजकुमार राम को लवाही कला , बिंदेश्वर कुजूर को जरही,राजेंद्र दास को झोतर और दीपक कुमार तिवारी को सोनेहारा पंचायत में नवीन तैनाती दी गयी। बीडीओ ने 24 घंटा के अंदर सभी कर्मियों को प्रभार का आदान-प्रदान करने की सख्त चेतावनी दी गई है।

### गोशाला समिति परिसर से समाहरणालय तक कल निकालेंगे जुलूस

# विरोध मार्च कर राज्यपाल को मांग पत्र भेजेंगे धार्मिक संगठन




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति के आह्वान पर शनिवार को विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक स्थानीय गोशाला परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पिछले दिन गोशाला समिति के सचिव के साथ दुर्व्यवहार करते हुये दो बार हिरासत में लिये जाने की कड़ी निंदा की गयी। साथ ही इस बात के लिये प्रशासन की आलोचना की गयी कि प्रशासन द्वारा गोशाला के जब्त किये गये गेट को अभी तक वापस नहीं किया गया। इस दौरान सर्व सम्मति से लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इस कड़ी में सोमवार को परिसर से जुलूस निकाल कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम से मांग पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। जुलूस पूर्वाह्न 11 बजे स्थानीय गोशाला समिति परिसर से निकलकर मुख्य पथ होते हुये समाहरणालय तक जायेगा। बैठक में वक्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसके द्वारा पूर्व अधिकारी के कार्यकाल में किये गये समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन की गिद्ध दृष्टि गोशाला की भूमि पर लगी हुई है। बैठक में अध्यक्ष विनोद पाठक, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, समाजसेवी विजय केसरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर पाल, अवधेश कुशवाहा, विनोद प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, दौलत सोनी, अनिल सोनी, शुभम चौबे ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गौशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने किया। मौके पर सत्यनारायण सिंह, राजकुमार कुशवाहा, अशोक यादव, भोला गुप्ता, शंकर मालाकार, मुंशी उरांव, अभिषेक झा, विकास गुप्ता, नंदलाल कश्यप, लक्ष्मण सिंह, संजय केसरी, श्यामानंद पांडेय, कृष्णा केसरी उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**भंडरिया।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भंडरिया प्रखंड के पिपरा साधु कुटी,मरदा शिवबहेरा,बंगाली डेरा, जोगीयामढ आदि शिवालयों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यालय के अति प्राचीन जोगिया मठ मंदिर परिसर में बाहरी कलाकारों के द्वारा चैता दुगोला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी जनार्दन सिंह के द्वारा फीता काटकर की गयी। देर रात तक सभी ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक कुंवर सिंह, शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह, भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, भागीरथी विश्वकर्मा, राम सकल नागवंशी, सूर्यदेव सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन में पूजा समिति के अध्यक्ष जयकुमार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रकांत प्रजापति, सचिव देवेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष उदय मुंडा, समाजसेवी उपेंद्र विश्वकर्मा, दिलीप कुमार मुंडा, पिंटू कोरबा आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बंशानी गांव के कछरवा टोला निवासी 35 वर्षीय श्याम बिहारी गुप्ता पिता स्व.सुखमन गुप्ता की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह धुरकी थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव में अपने दोस्त विजय यादव के घर रहते थे। वहीं से उन्हें बीमार हालत में सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम करवाया। जानकारी के अनुसार श्याम बिहारी गुप्ता ने अपनी पत्नी को पांच वर्ष पूर्व से छोड़ दिया था। इसके बाद उसकी पत्नी उर्मिला देवी अपने तीन संतानों 16 वर्षीय गुंजा कुमारी, 14 वर्षीय नैतिक कुमार एवं छह वर्षीय सृष्टि कुमारी के साथ भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव स्थित मायके में रहती थी। जबकि श्याम बिहारी गुप्ता अपने दोस्त विजय यादव के घर पर रहते थे। वहीं पर पिकअप गाड़ी चलाकर जीविकोपार्जन करते थे। इस संबंध में मृतक की पत्नी समेत अन्य परिजनों ने पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है।

### सड़क किनारे जख्मी मिले युवक की मौत

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्रो-कुरुण मुख्य सडक के बडका पुल के समीप शुक्रवार की देर रात जख्मी हालत में पड़े पर्रो गांव निवासी रघुराज सिंह उम्र45वर्ष की मेदिनीनगर ले जाते समय मौत हो गयी। शनिवार की सुबह स्वजनों की सूचना पर एसआई दिलीप कुमार रंजन व हराधन वेदिया के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। मृतक की पत्नी फूलवंती देवी ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए भंडरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास



**भवनाथपुर।** मुख्य पथ से लेकर आश्रम तक बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही की उपस्थिति में मुखिया नंदलाल पाठक ने भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर किया। उक्त पथ का निर्माण विधायक मद से साढ़े सात लाख रुपये की लागत से कराया जायेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि बरसात के दिनों में यह कच्ची मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता था। सड़क पर जगह-जगह पानी भर जाने के कारण लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। अब पीसीसी पथ बन जाने से लोगो को चलने में सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर भगत दयानंद यादव, मनोज पहाड़िया, प्रेमप्रकाश रमण, प्रदीप गुप्ता, विजय जायसवाल, राजेश गुप्ता, लल्लू ठाकुर, उदय गुप्ता, रौशन कुमार उपस्थित थे।

### राजद युवा मोर्चा ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

गढ़वा। राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के द्वारा शनिवार को चिनिया रोड स्थित विरेंद्र तिवारी मार्ग पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सक्रिय सदस्य सुग्रीव राम को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिला महासचिव मुनेश्वर सिंह खरवार ने कहा कि सुग्रीव राम सदैव से गरीबों के हित के लिये संघर्ष करते रहे हैं। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव पंकज चौबे, सोनू यादव, संतोष चौधरी, रोहित भारती, अमर यादव, कयूम अंसारी मौजूद थे।

### विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

# 40 विद्यालयों के हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के सभागार में शनिवार को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय एवं उसके हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर के लिये जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार ने की। कार्यक्रम में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.हरेनचंद्र महतो, शिक्षा विभाग के एपीओ शंभूदत्त मिश्रा, डा.गोविंद सेठ, डा.रंजन दास, डा.एसके सिंह, डा.विरेंद्र कुमार, जिला वीबीडी कंसलटेंट अरविंद कुमार द्विवेदी, शिक्षक राकेश कुमार तिवारी, विजय पाल, सुधाकर मेहता, मनोरंजन कुमार, किरण कुजूर, तनवीर अंसारी, किरणबाला कुमारी उपस्थित रहीं। मौके पर बेहतर कार्य करनेवाले 40 शिक्षकों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि आयुष्मान भारत पहल के तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड, शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम कोषांग के संयुक्त प्रयास से झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय की अगुवाई में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य के 24 जिलों में मौजूद सभी कोटि के मध्य, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संचालित है।

# घर में आग लगने से लाखों की संपत्ति खाक

नवीन मेल संवाददाता

मेराल। स्थानीय मेराल गांव में शनिवार की शाम संजय शाह के घर में आग लग जाने से घर समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने बताया कि दिन में परिजनों के साथ वे खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान घर में आग लग गई। अगल-बगल के लोगों द्वारा शोर मचाने पर मौके पर जुटे ग्रामीणों की सूचना पर जब तक फायर बिग्रेड पहुंचता। घर व एवं घर में रखा खाद्यान्न,रु. 30000 नगद, बिस्तर व अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गया। घटना में तीन लाख की संपत्ति के नुकसान की संभावना है। पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी द्वारा पीड़ित परिवार को तत्काल खाद्यान्न तथा आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया। उधर सूचना मिलने के बाद मेराल पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार को सहयोग प्रदान किया। पीड़ितों द्वारा थाना तथा अंचलाधिकारी को घटना से अवगत करा दिया गया है।

## परेशानी

### डंडई गांव में गड्ढों के कारण एक माह से दुकानदारी चौपट

# नाली निर्माण के लिये खोदे गये गड्ढों से परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** पनघटवा डैम तक निर्मित हो रहे सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण के लिये डंडई गांव में खोदे गए गड्ढों से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों के कारण विशेषकर दुकानदारों की दुकानदारी चौपट हो गयी है। दुकानदार रिंकू कुमार, शशि कुमार ,नागेंद्र प्रजापति, मंगल प्रसाद इत्यादि ने बताया कि इस समय वैवाहिक लगन चल रहे हैं, किंतु गड्ढों के कारण ग्राहक बाजार में नहीं आ रहे हैं। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि खुदाई के समय संवेदक के मुंशी के द्वारा बताया गया था कि एक सप्ताह के अंदर नाली का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन आज तक उसमें एक भी ईंट की जोड़ाई नहीं हो सकी है। ग्राहकों की परेशानी व आर्थिक नुकसान से बचने के लिये उन्होंने अपने-अपने दुकान के सामने खोदे गए गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है। एक-दो दिन के अंदर यदि नाली का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो पूरे गड्ढों को ही भर दिया जायेगा। वही मकान मालिक सुनील यादव ने कहा कि संवेदक को जब नाली का निर्माण करना ही नहीं था तो खुदाई किस लिए कराई गई थी। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि इसी तरह संवेदक द्वारा डंडई मुख्य बाजार से दानरो नदी तक कई जगहों पर बिना ढलाई किये ही सड़क को छोड़ दिया गया है। इससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**खुदाई के समय संवेदक के मुंशी के द्वारा बताया गया था कि एक सप्ताह के अंदर नाली का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन आज तक उसमें एक भी ईंट की जोड़ाई नहीं हो सकी है।**



**गड्ढों के कारण विशेषकर दुकानदारों की दुकानदारी चौपट हो गयी है। दुकानदार रिंकू कुमार, शशि कुमार ,नागेंद्र प्रजापति, मंगल प्रसाद इत्यादि ने बताया कि इस समय वैवाहिक लगन चल रहे हैं, किंतु गड्ढों के कारण ग्राहक बाजार में नहीं आ रहे हैं।**

### आमरण अनशन पर बैठे व्यक्ति से मिले एआईएमआईएम नेता

**गढ़वा।** अपनी साली के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर चौक के पास आमरण अनशन पर बैठे गुलाम जिलानी अंसारी से एआईएमआईएम के गढ़वा-रंका विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने मुलाकात की। उनकी मांगों का समर्थन करते हुये उन्होंने कहा कि गुलाम की साली दुलदुलवा गांव निवासी नूरसबा बीबी की हत्या 14 जून 2023 को कर दी गई थी,लेकिन पुलिस-प्रशासन के द्वारा अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र इस मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गयी तो एआईएमआईएम भी धरने पर बैठेगी। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, मंसूर अंसारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख फजिल अहमद उपस्थित थे।

संसेक्स 74,119.39 ▲ +33.40
डॉलर 82.754 ▼ +0.031

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 15.0 | 24.0 |
| धनबाद | 30.0 | 16.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 29.0 |
| पलामू | 31.0 | 14.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 10 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 143, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय वायु प्रदूषण का मूल कारण मनुष्य की ... 04 डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी ... 08 देश/विदेश

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## भारत ने इंग्लैंड से 4-1 से शृंखला जीती



**धर्मशाला।** धर्मशाला में खेले गए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने पारी और 64 रनों से धर्मशाला टेस्ट को तीसरे दिन ही अपने नाम कर लिया है। मैच में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 218 रन बनाए थे। भारतीय टीम ने पहली पारी में 477 रन बनाए और 259 रन की बड़ी लीड बनाई। इसके बाद दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 195 रन पर ही सिमट गई और मैच हार गई। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए उनका 100वां टेस्ट यादगार बन गया। उन्होंने अपने 100वें टेस्ट (धर्मशाला टेस्ट) में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। उन्होंने मैच में कुल 9 विकेट अपने नाम किए।

### नितिन गडकरी आज खूंटी में

## तीन सड़कों का करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास



**खूंटी।** राज्य के खूंटी शहरवासियों की वर्षों पुरानी बाईपास सड़क की मांग पूरी होगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर खूंटीवासियों को 10 मार्च को तीन सौगातें मिलेंगी। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रांची-खूंटी फोर लेन बाईपास रोड, रांची-खूंटी रोड (वर्तमान) का चौड़ीकरण एवं खूंटी-कर्रा-बेड़ो टू लेन सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। रांची-खूंटी फोर लेन बाईपास रोड तुपुदाना (एनएच 20, पुराना 75ई) से कुंडीबर टोली तक बनेगा, जो रांची, खूंटी और चाईबासा जिला को जोड़ेगा। इस रोड के बन जाने से खूंटी में हमेशा जाम और आए दिन सड़क दुर्घटना से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही यात्रा में भी समय कम लगेगा। इस संबंध में अर्जुन मुंडा मुंडा ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों के लिए बड़े अवसर सृजित होंगे। भगवान बिरसा मृग विहार, पंचघाघ और हिरणी जलप्रपात जैसे स्थानीय पर्यटन स्थलों कि जरूरतों को भी पूरा करेगी। आसपास के स्थानों में स्थित कई खनन क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी होगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। मुंडा ने कहा कि खूंटी-कर्रा-बेड़ो रोड भी महत्वपूर्ण है। यह रोड खूंटी, रांची और लोहरदगा जिले को जोड़ेगा। लगभग 138 किलोमीटर के इस रोड के बन जाने से भविष्य में प्रस्तावित संबलपुर रांची एक्सप्रेस-वे आर्थिक कॉरिडोर का यह हिस्सा होगा। साथ ही रांची-गुमला (एनएच 23), खूंटी-तोरपा कोलेबिरा (एनएच 143 डी), गुमला-सिमडेगा-राउरकेला (एनएच 143) और रांची-चाईबासा (एनएच 20) से लोगों के लिए अच्छी कनेक्टिविटी और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र में पर्यटन का भी विकास होगा। सोनमेर मंदिर, महामाया मंदिर, साईं मंदिर, लतरातू डैम, घाघारी धाम, नेतरहाट और बेतला जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंच पथ बन जायेगा। साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 66,150
चांदी (किलो) 74,260

### कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

# फ्लाईओवर निर्माण में अब और विलंब न हो : सीएम

### जुडको के अधिकारियों व निर्माण कंपनी के साथ की उच्चस्तरीय बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राजधानी के कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण में हो रही देरी पर शनिवार को जुडको के अधिकारियों तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नेकड़े लहजे में जुडको अधिकारियों से कहा कि इस फ्लाईओवर के निर्माण में पहले ही काफी विलंब हो चुका है। ऐसे में और विलंब नहीं हो। इसलिए कार्य में तेजी लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।

**हर सप्ताह दें कार्य प्रगति रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे कांटाटोली फ्लाईओवर के चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह समर्पित करें, ताकि उसकी समीक्षा विस्तृत रूप से हो सके। इससे कार्यों की निगरानी करने में भी सहूलियत होगी और जरूरत पड़ने पर आवश्यक निर्देश भी दिए जा सकेंगे।

**मुख्यमंत्री ने छह मार्च को फ्लाईओवर का किया था निरीक्षण :** मुख्यमंत्री ने छह मार्च को कांटाटोली और सिरमटोली फ्लावर के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। उन्होंने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि इसके निर्माण के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव सह प्रबंध निदेशक जुडको अरवा राजकमल के साथ जुडको के अधिकारी और निर्माण कार्य कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

#### अगस्त तक निर्माण पूरा होने का दिलाया भरोसा

मुख्यमंत्री को जुडको के अधिकारियों ने बताया कि कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और इस वर्ष अगस्त तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जमीन अधिग्रहण और यूटिलिटी शिफ्टिंग में विलंब होने की वजह कांटा टोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य प्रभावित हुआ लेकिन अब तीव्र गति से निर्माण कार्य चल रहा है और अगस्त तक इसे हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### कक्षा एक से पांचवीं तक जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई के लिए विशेषज्ञ शिक्षको को सूचीबद्ध करें



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के पाठ्यक्रमों में यहां की जनजातीय एवं क्षेत्रीय ▸▸शेष पृष्ठ 7 पर



### तीन हाथियों को खिलाया गन्ना

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में सफारी के लिए 'प्रद्युम्न' नामक हाथी पर सवार हुए। वह एक जीप सफारी पर भी गए और पार्क में डफलांग टावर का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने पार्क में तीन हाथियों को गन्ना भी खिलाया। उन्होंने एक्स पर लिखा, लखीमाई, प्रद्युम्न और फूलमाई को गन्ना खिलाते हुए।

## राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य बनीं आशा लकड़ा



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की पूर्व मेयर डॉ. आशा लकड़ा को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जनजाति आयोग का सदस्य बनाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अनुशंसा के बाद मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स के एनसीएसटी सेक्शन ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। यह पद केंद्रीय राज्य मंत्री के समकक्ष है। वर्तमान में डॉ. आशा लकड़ा भाजपा पश्चिम ▸▸शेष पृष्ठ 7 पर

### एक नजर

#### वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे 700 से अधिक यात्रियों को किया एयरलिफ्ट

**जम्मू।** भारतीय वायुसेना ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे 700 से अधिक यात्रियों को एयरलिफ्ट किया। एक अधिकारी ने बताया कि आईएल-76 की दो उड़ानों में 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि दूसरी उड़ान में 223 लोगों को श्रीनगर से लेह भेजा गया। इसके साथ ही इस सप्ताह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच कुल 1,251 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। इससे पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर से कारगिल के बीच भारतीय वायुसेना ने एएन-32 की अलग-अलग उड़ानों में 331 यात्रियों को एयरलिफ्ट किया था। भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने के बाद 22 जनवरी को वायुसेना ने कारगिल कूरियर लॉन्च किया था। कारगिल कूरियर सेवा फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जम्मू और श्रीनगर के बीच सप्ताह में तीन दिन और श्रीनगर एवं कारगिल के बीच सप्ताह में दो बार चलती है।

#### फ्लैट में आग लगने से बुजुर्ग की जलकर मौत, 80 साल की बहन घायल

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के एक फ्लैट में आग लगने से एक 75 साल के व्यक्ति की मौत हो गई है। शनिवार सुबह चुटिया थाना क्षेत्र के सिरम टोली स्थित एक अपार्टमेंट के फ्लैट में आग लग गई। घर में एक बुजुर्ग व्यक्ति और उनकी बीमार बहन थीं। बहन बिस्तर से उठ सकने की हालत में नहीं थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान जुल्तान सुरीन के रूप में हुई है। वहीं उनकी 80 साल की बहन जोलेन होरो आग लगने से बुरी तरह से घायल हो गई हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जुल्तान सुरीन अविवाहित थे।

## चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने दी पहली किस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को चेक बाउंस से जुड़े मामले में आरोपित अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच रांची सिविल कोर्ट में मध्यस्थता के माध्यम से शनिवार को एग्रीमेंट हुआ। इसमें पहली किस्त के रूप में 20 लाख रुपए का चेक से भुगतान अमीषा पटेल की ओर से शिकायतकर्ता को किया गया। दोनों पक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े। इस दौरान झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सह हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने भी उनसे बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच दो करोड़ 75 लाख देने का समझौता हुआ है। पहली किस्त के रूप में 20 लाख का भुगतान शनिवार को हुआ। जबकि दूसरी किस्त के रूप में 50 लाख, तीसरी किस्त के रूप में 70 लाख, चौथी किस्त रूप में 62 लाख और अंतिम के रूप में 31 जुलाई 2024 को 62 लाख रुपए का भुगतान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को होना है। पूर्व में अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता को 11 लाख रुपए का भुगतान कर दिया था। मामले में अगली सुनवाई एक 11 मार्च को होगी। शिकायतकर्ता की अधिवक्ता विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव ने बताया कि पहले किस्त 20 लाख रुपए का चेक को 11 मार्च तक क्लियर करने को कहा गया है।

### जमशेदपुर में शिव बरात के दौरान झगड़े में पिटाई से जख्मी युवक ने दम तोड़ा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारात में शामिल एक युवक को शुक्रवार की रात कुछ लोगों ने इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। युवक को काशीडीह स्थित काली मंदिर के पास अचेतावस्था में पाया गया था। उसे इलाज के लिए पहले एमजीएम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया और बाद में टाटा मेन हॉस्पिटल रेफर किया गया, लेकिन उसने इसके पहले ही दम तोड़ दिया। मृत युवक का नाम रवि दुर्गे है। शनिवार को शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया तो शहर के काशीडीह इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। रवि के भाई अमर ने एक स्थानीय युवक सतीश सिंह एवं उसके साथियों पर पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

### स्थानीय प्रशासन द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं कराने से उद्योग स्थापित करने में मुश्किल

## पलामू में रोजगार की व्यवस्था को समर्पित होगा अगला कार्यकाल : सांसद वीडी राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में संसदीय क्षेत्र के लोगों से मिले असीम प्यार का कर्ज वे अधूरे कार्यों को पूरा कर उतारने का काम करेंगे। वे शनिवार को शहर के नावाटोली स्थित प्रधान चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका अगला कार्यकाल संसदीय क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने को समर्पित रहेगा। यहां के लोगों को उनके घरों में ही रोजगार के अवसर उत्पन्न कराने की दिशा में आवश्यक कार्य किए जाएंगे। सांसद ने स्वीकार किया कि स्थानीय स्तर पर जमीन उपलब्ध कराने में प्रशासन द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किए जाने के कारण वे संसदीय क्षेत्र में कोई बड़ा उद्योग स्थापित कराने में सफल नहीं रहे। लेकिन केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश व जनता के समर्थन से वे अपने अगले कायार्काल में क्षेत्र में बेहतर औद्योगिक माहौल के निर्माण में कोई कसर बाकी नहीं रहने देंगे। पूछे जाने पर सांसद ने बताया कि सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उनका कार्य पूर्व की तरह चलता रहेगा ओर वे आम लोगों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने कहा कि अपने पूर्व के दोनों कार्यकाल में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने सदन के अंदर ▸▸शेष पृष्ठ 7 पर

### इंडिया

## सेना जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफल महिलाओं ने भारत को नई प्रेरणा दी है



सुनील बादल

**कुछ** दशक पहले तक महिला किस देश की हो किस प्रदेश की हो और किस परिवार की हो इससे उनके बारे में एक धारणा स्थापित थी कि पश्चिमी देशों की महिलाएं स्वतंत्र, पूरब की महिलाएं रीति रिवाजों या पहनावे के बंधन में बंधी घर के अंदर रहने वाली या मजदूर वर्ग की कठोर परिश्रम करने वाली होती थी जिनके ऊपर समाज उतने बंधन नहीं लगा पाता था जितनी कथित संभ्रांत वर्ग की महिलाओं पर लगते थे। भारतीय संस्कृति में युगों से महिलाएं साहस और शक्ति की प्रतीक मानी जाती रही हैं। पर दसवीं सदी से लेकर 19वीं सदी तक गुलामी के समय विदेशी शासकों ने भारतीय नारियों पर अत्याचार करने शुरू किए, जिसके कारण वे घरों में पर्दे में रहने के लिए मजबूर हुईं। पर अब वैश्विक गांव बनती दुनिया में स्थितियां बदल गईं हैं और पूरब पश्चिम के संपर्क की दूरी भी कम हुई और भारत भी एक ओर अपनी जड़ों की ओर लौट कर रामराज्य जैसे आदर्श राज्य की बात कर रहा है तो दूसरी ओर सशक्त भारत में अब विदेशी लुटेरों या अपराधियों का वह वर्चस्व नहीं रहा जिनसे बचाने के लिए महिलाओं को घरों के अंदर सीमित कर दिया जाता था। लेकिन आजादी के बाद भी काफी समय तक सैन्य सेवा का अवसर पुरुषों को ही मिलता रहा। वर्ष 1992 में भारत सरकार ने सेना में महिलाओं को अफसर बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी और इसके बाद थल सेना में अल्पकालिक सेवा आयोग स्कीम द्वारा महिलाओं को दस वर्ष की आवश्यक सेवा के बाद चार साल की अतिरिक्त सेवा का अवसर प्रदान किया जाता था। दस साल की सेवा के बाद इनमें चयनित महिला अफसरों को नियमित पूर्णकालीन सेवा का अवसर भी मिलता है। चिकित्सक के रूप में इनकी सेवाएं तो पुरानी हैं । वर्ष 1992 से लेकर 2023 तक 6,993 महिला अफसर तथा 100 महिलाएं सैनिक के रूप में अब तक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अब अग्निवीर योजना के तहत अकेले नौसेना में एक हजार अग्निवीर महिलाओं की भर्ती की जा रही हैं। सैन्य सेवा में महिलाओं के प्रदर्शन और लगन को देखते हुए 2023



से उन्हें नियमित स्थायी कमीशन स्कीम के तहत भारतीय रक्षा अकादमी खड़कवासला पुणे में भर्ती किया गया, जहां से वे पुरुषों की तरह ट्रेनिंग पूरी करके भारतीय रक्षा अकादमी देहरादून से पूरी सेवा के लिए अफसर बन रही हैं। शुरू में इन्हें थल सेना में लिया जाता था, परंतु कुछ समय बाद ही महिलाओं को वायुसेना तथा नौसेना में भी सेवा का अवसर मिलने लगा है! थल सेना में इन्फेंट्री तथा आर्म्ड कोर (टैंक कोर) दुश्मन से आमने-सामने का युद्ध लड़ती है और युद्ध में कभी-कभी दुश्मन सैनिकों के साथ द्वंद्व युद्ध और हाथापाई तक की नौबत आ जाती है। उल्लेखनीय है कि 1971 के युद्ध में फाजिल्का की सीमा पर भारत के मेजर नारायण सिंह ने पाकिस्तान के मेजर शरीफ के साथ कुश्ती लड़ी थी और कुछ वर्ष पहले 2019 में गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच लाठी-डंडों से युद्ध लड़ा गया था। इसे देखते हुए इन्फेंट्री और आर्म्ड कोर के अलावा सेना के अन्य 11 विभागों- इंजीनियरिंग, सिग्नल, आर्मी सर्विस कोर, आर्मी ऑर्डिनेंस कोर इत्यादि में महिलाओं को अफसर के रूप में सेवा के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं को सैनिक के रूप में आर्मी सर्विस कोर, आर्मी ऑर्डिनेंस तथा मिलिट्री पुलिस इत्यादि में भर्ती हो रही है। वहीं पर वायु और नौसेना की सेवा में दुश्मन से सीधा आमना-सामना न होने कारण इन्हें बिना लैंगिक भेदभाव के हर विभाग में सेवा का पूरा अवसर प्रदान किया जाता है। अब तक थलसेना में 120 महिलाओं को कर्नल के पद के लिए चयनित किया गया है। यह देश के लिए गर्व का विषय है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा विभिन्न देशों में भेजे गए भारत के शांति दलों में 20 फीसदी महिला अधिकारी हैं।सेना में महिलाओं की कॅरिअर प्लानिंग के लिए भारत सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि योजनाबद्ध तरीके से महिला सैनिक अधिकारियों के कॅरिअर की प्रगति पर एक विस्तृत नीति बनाई जा रही है, जिसे 31 मार्च तक तैयार कर लिया जाएगा। इससे महिलाओं के लिए सेना की यूनिटों में कमान संभालने के अवसरों तथा कॅरिअर के लिए विस्तृत प्रणाली उपलब्ध होगी। पिछले साल वृंदावन के वत्सल ग्राम में साध्वी ऋतंभरा ने देश का पहला महिला सैनिक स्कूल स्थापित किया है, जिसका उद्घाटन भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। लड़कों के लिए देश के हर राज्य में सैनिक स्कूल हैं, परंतु लड़कियों को सेना में प्रवेश के लिए तैयार करने वाला वृंदावन में यह पहला स्कूल खोला गया है। ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को सैनिक सेवा के लिए एनसीसी तथा सैनिक और मिलिट्री स्कूलों द्वारा तैयार किए जाने से देश की प्रथम और द्वितीय श्रेणी की सुरक्षा प्रणाली भी मजबूत की जा सकती है।

### दूसरी बार पाकिस्तान के प्रेसिडेंट चुने गए आसिफ अली जरदारी

**इस्लामाबाद।** पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई को हराकर पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए। आसिफ अली जरदारी को 411 वोट मिले, जबकि महमूद खान अचकजई को केवल 181 वोट मिले। 68 वर्षीय आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान की दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पति और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पिता हैं। 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रह चुके आसिफ अली जरदारी को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का समर्थन हासिल था। वो आरिफ अल्वी की जगह लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल खत्म हो गया।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

वन व वन्य जीव पर्यावरण संतुलन के आधार हैं। खुद व भावी पीढ़ी की खुशहाली के लिये इन्हें सुरक्षित बनाये रखना हम सभी का दायित्व है।

**कुमार आशीष, उप निदेशक पीटीआर**

## विधायक ने ने दो राज्यों को जोड़ने वाले पुल का किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने दो राज्यों को जोड़ने वाले कनहर नदी पर उच्च स्तरीय पुल का बड़गड प्रखंड के ग्राम उअरा में शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल द्वारा नौ करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जायेगा । विधायक ने कहा कि पुल नहीं होने से 50 गांव ही नहीं दो राज्यों की सीमा का आवागमन बाधित होता था। पुल के बन जाने से छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा और भी नजदीक हो जाएगी। इस पुल के बनने से 17 किलोमीटर बलरामपुर नजदीक हो जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि वे जन समस्याओं के निदान के लिए तत्पर और 24 घंटा खड़ा रहने वाले है।

## लोस चुनाव में प्रचंड जीत का किया दावा

बैठक कर राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बनायी रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजद न सिर्फ पलामू सीट से लोस चुनाव लड़ेगी, अपितु प्रचंड जीत भी हासिल करेगी। इस बार समाजवाद के गढ़ में अंडर करंट चल रहा है। कचहरी परिसर में शनिवार को आयोजित बैठक में राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अपने पुराने गढ़ को जीतने के लिये पार्टी कार्यकर्ता कमर कस लें। पलामू से पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव की सहमति से उम्मीदवार का नाम फाइनल कर लिया गया है। अगले सप्ताह बकायदा घोषणा कर दी जायेगी। भाजपा को आड़े हाथ लेते हुये उन्होंने कहा कि उसका पलामू में कैडर ही नहीं है। तभी तो बीजेपी आयातित उम्मीदवार उतारती रही है। इस बार पलामू की जनता भाजपा व पीएम मोदी को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। मौके पर एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश सचिव सैयद शमी अहमद, उपाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ संजय यादव, किसान प्रकोष्ठ के महावीर चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम, फैयाज खान, रविंद्र यादव, सत्यनारायण यादव मौजूद रहे।

## तस्वीर झूठ ना बोले



गर्मी के दशतक देने के पूर्व ही जल विहीन कोयल नदी आसन्न जल संकट का संकेत दे रही है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो गंभीर




**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ीबीर गांव में शुक्रवार की रात नशे की हालत में दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी शंभू चौधरी के पुत्र विजय चौधरी और सीबू पासवान के पुत्र राजू पासवान बूढ़ीबीर स्थित भौजी बाजार घूमने गए थे। बताया जाता है कि वहां दोनों ने छककर शराब का सेवन किया। रात में बाइक से घर लौटते समय अनियंत्रित होकर गिर जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### सुआ अंडरपास पर कोरा आश्वासन

**मेदिनीनगर।** सुआ गांव के समीप रेल अंडरपास का निर्माण शुरू होने पर रोष जताते हुये भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भुइयां, सोहैल अख्तर एवं आलोक कुमार तिवारी तथा नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि सांसद द्वारा मामले में झूठा आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर आये दिन हो रहे रेल हादसों से आजिज आकर अंडर क्रॉसिंग निर्माण समिति के द्वारा ग्राम सुआ के बिनुआ टोला के पास लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। डालटनगंज स्टेशन व सांसद के आवास पर भी प्रदर्शन किया गया है। तब सांसद ने संसद में बयान दिया था कि सुआ अंडर क्रॉसिंग निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। इस बार चुनाव में जनता वोट की ताकत का प्रदर्शन करेगी।

## उप विकास आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को किया रवाना

# कुपोषण के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगा पोषण रथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में कुपोषण के खिलाफ जन जागरूकता के लिए जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से पोषण रथ निकाला गया है। यह रथ गांवों में जाकर लोगों को कुपोषण से बचाव के प्रति जागरूक करेगा। स्थानीय समाहरणालय परिसर से उक्त रथ को उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान व नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद ने शनिवार को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिसर से रवाना किए गए पोषण जागरूकता रथ से लोगों को कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जागरूक किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण हेतु आम जनों से सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने का आह्वान करते हुये बताया कि पोषण माह के तहत पोषण रथ नौ से 23 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंड,पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि एनीमिया की रोकथाम के लिए बच्चों को आयरनयुक्त पौष्टिक आहार के साथ स्वच्छता आदि जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाएगा एवं उन्हें उपचार हेतु एमटीसी सेंटर रेफर किया जाएगा।




उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण हेतु आम जनों से सहयोग की अपील की।

**सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने का आह्वान करते हुये बताया कि पोषण माह के तहत पोषण रथ नौ से 23 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंड,पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा : उप विकास आयुक्त**

**इस माह विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जायेगा एवं उन्हें उपचार हेतु एमटीसी सेंटर रेफर किया जाएगा : नीता चौहान**

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टीओपी टू थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप एक घर में शुक्रवार की रात में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। घटना में गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि स्टेशन के समीप रहने वाले मनीष गुप्ता शुक्रवार रात में सपरिवार शिव बारात देखने गये थे। घर में सिर्फ एक बच्चा था। इसी दौरान बच्चा एक खाली बाल्टी में वाटर हीटर लगाकर भूल गया। कुछ देर बार शार्ट सर्किट से आवास में आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय लोग इसे बुझाने में असफल रहे। इसके बाद घर के मालिक सनी गुप्ता के द्वारा आग लगने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टीओपी-टू प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान मुकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह व जयंत कुमार ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मनीष की पत्नी किरण देवी ने बताया कि आग लगने की वजह से घर में रखा सोफा, ड्रेसिंग टेबल, बेड, आलमारी, चार हजार रुपये नगद सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। अगलगी में लाखों का नुकसान हुआ है। नागरिकों ने आग पर काबू पाने में पुलिस के पहल की सराहना करते हुये कहा कि यदि आब नहीं बुझती तो पूरे बस्ती में आग फैल जाती।



**पीड़ित परिजनों ने आपदा राहत के तहत मदद की लगायी गुहार**

### 31 करोड़ 58 लाख 39 हजार 555 रुपये के मामले सेटल, उमड़े फरियादी

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 29 हजार 299 मामले का हुआ निस्तारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौता के आधार पर 29 हजार 299 मामले का निस्तारण किया गया। इस दौरान 31करोड़ 58 लाख 39 हजार 555 रुपये के मामले सेटल हुये। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि 13 पीठों के माध्यम से मामलों का निस्तारण किया गया। प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता छाया सिंह, दूसरे पीठ में क्रिमनल अपील क्रिमनल रिवीजन सिविल अपील से संबंधित मामले का निस्तारण जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह अमरेश कुमार व अधिवक्ता शशि भूषण एवं पीठ तीन में विद्युत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ प्रेमनाथ पाण्डेय व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह ने किया। इसी तरह अन्य पीठों में भी न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने त्वरित सुनवाई कर मामलों का पटाक्षेप किया। हेल्प डेस्क पर अधिवक्ता उत्तम कुमार व पीएलभी मुनेश्वर राम ने वादकारियों की मदद की।




## गाजे-बाजे के साथ पुलिस लाईन से निकली शिव बारात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाईन स्थित शिवमंदिर से महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह रूद्राभिषेक एवं सार्वजनिक पूजा के बाद महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमी रही। हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय की अनुगूंज से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। शाम को पुलिस लाईन से डीजे,बैंड एवं ढोल नगाड़े के साथ शिव बारात निकालकर नगर भ्रमण किया गया। 24 घंटे के अखंड कीर्तन में भारी संख्या में भक्तों ने शिरकत की। शहर थाना परिसर में शिव बारात का भव्य स्वागत किया गया।

**सुबह रूद्राभिषेक एवं सार्वजनिक पूजा के बाद महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की।**

### शिव की भक्ति से मिलती है अपार शक्ति



मेदिनीनगर पांकी विधान सभा क्षेत्र के तरहसी प्रखण्ड के पिछूलिया ग्राम स्थित शिव मन्दिर के प्रांगण में आयोजित महाशिवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर भक्ति जागरण एवं मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से अपार शक्ति मिलती है। उन्होंने विधि-विधान पूर्वक पूजन कर सर्व मंगल की कामना की।

## मेडिकल कालेज के छात्रावास का लिफ्ट वर्षों से खराब

### सात भवन की सीढ़ी चढ़ने में छात्र-छात्राओं के छूट रहे पसीने

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के छात्रावासों का लिफ्ट वर्षों से खराब रहने के कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सात मंजिला छात्रावास की सीढ़िया चढ़ अपने कमरे तक पहुंचने में विद्यार्थियों के पसीने छूट रहे हैं। छात्र-छात्राओं का कहना है कि दिन में कम से कम चार बार तो अवश्यक नीचे उतरना पड़ता है। ऐसे में लिफ्ट खराब होने के कारण विशेषकर छात्राओं की दशा खराब हो जाती है। सीढ़ी चढ़ने-उतरने में थकावट के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। विदित हो कि छात्र व छात्राओं के छात्रावास में दो-दो लिफ्ट लगे हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि खराब लिफ्टों को चालू करवाने के प्रयास निरंतर किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में लिफ्ट कंपनी सिंडलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। जांच कर उन्होंने कालेज में स्थापित 14 लिफ्टों की देखरेख के लिये प्रतिवर्ष रु.3066847 का इस्टीमेट दिया है। जिसे विशेष सचिव स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया गया है।

**छात्रावासों को छोड़ शेष लिफ्ट क्रियाशील**

विदित हो कि मेडिकल कालेज में कुल 14 लिफ्ट स्थापित हैं। हैरत की बात है कि इनमें से प्रशासनिक भवन में स्थापित छह व स्टाफ क्वार्टर में स्थापित चार लिफ्ट पूरी तरह क्रियाशील अवस्था में हैं। सिर्फ छात्रों के हास्टल में लगे दो व छात्राओं के हास्टल में लगे दो लिफ्टों का ही खराब होना व्यवस्था पर



### भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज, आयेंगे प्रदेश प्रभारी

## सांसद व पदाधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

**बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी सह राज्य सभा सदस्य डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं पलामू के प्रमंडलीय प्रभारी सह राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू उपस्थित रहकर कार्यकताओं को चुनाव में जीत सुनिश्चित करने का गुर बतायेंगे।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पलामू लोकसभा क्षेत्र का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 10 मार्च को शहर के शिवाजी मैदान में आयोजित होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी सह राज्य सभा सदस्य डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं पलामू के प्रमंडलीय प्रभारी सह राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू उपस्थित रहकर कार्यकताओं को चुनाव में जीत सुनिश्चित करने का गुर बतायेंगे। कार्यक्रम की तैयारी तेज कर दी गई है। शिवाजी मैदान को सजाया जा रहा है। जगह-जगह पर तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं। शिवाजी मैदान में पंडाल के साथ कुर्सी,साउंड एवं कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। शनिवार की शाम को पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद विष्णु दयाल राम, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, युवा अध्यक्ष ज्योति पांडे, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडे, विजय ठाकुर, अभिषेक कुमार, नंदलाल गुप्ता एवं संजय कुमार इत्यादि लोगों ने शिवाजी मैदान जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

### पहल

### जिला स्वास्थ्य समिति ने किया विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

## 42 उत्कृष्ट आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित, किया प्रेरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति ने शनिवार को आईएएम हॉल में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत 42 उत्कृष्ट आरोग्य दूतों को सम्मानित किया। मंच संचालन डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार, यूनिसेफ के क्षेत्रीय को-ऑडिनेटर धनंजय त्रिवेदी, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार, डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर आदि ने संयुक्त रूप से किया। सभी प्रखंडों के दो-दो आरोग्य दूतों को मेमोंटो और प्रशस्त्री पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम पलामू जिले के वैसे सरकारी स्कूल जहां पर वर्ग एक से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं,वहां पर संचालित किये जा रहे हैं। इन स्कूलों में दो-दो शिक्षकों को आरोग्य दूत बनाया गया है। आरोग्य दूत सप्ताह में एक दिन बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधित मूलभूत जानकारी, ज्ञान, मनोवैज्ञानिक एवं शैक्षणिक सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि 10 से 18 साल के छात्र-छात्राओं को इससे लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस उम्र में युवाओं में भटकाव की स्थिति होती है। इस कारण किशोर-किशोरियों को स्वस्थ व साकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आरोग्य दूतों की काफी जिम्मेवारी है। इस कार्यक्रम के तहत 18 मॉड्यूल बनाये गए हैं। सभी मॉड्यूल पर कुछ न कुछ गतिविधियां संचालित करना है,जिससे की कशोर-किशोरियां गलत दिशा में ना जा सकें। जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग स्कूलों में संचालित कार्यक्रम को आरोग्य दूत पूरी तन्मयता के साथ कार्य करे हैं। इसके लिए आरोग्य दूत बने शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया गया है। यूनिसेफ के क्षेत्रीय को-ऑडिनेटर ने कहा कि 10 से 18 आयु वर्ग ऐसा है,इस समय शरीर में कई बदलाव आते हैं। इस कारण किशोर-किशोरियां साकारात्मक दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाये इसका मूल उदेश्य है।



## एक नजर

### आजसू के कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज का समापन

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी का कार्यकर्ता मिलन सामारोह सह वनभोज का आयोजन कुडू प्रखंड के चिरी पतरा में हुआ। इसमें लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में किस तरह से एनडीए की जीत हो इस पर विशेष चर्चा की गई। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के छह प्रखंडों, 50 पंचायतों, 252 राजस्व ग्राम के लिए आजसू पार्टी के प्रभारी नियुक्त किए गए। समारोह में विलियम कुजुर, ओमप्रकाश भारती, आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, कैरो प्रखंड के प्रभारी एवं केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, लोहरदगा प्रभारी कवलजीत सिंह, किस्को एवं पेशरार के प्रभारी सह केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, कौशिक राज मेहता, कुमार अभिषेक, आकाश यादव, शनिचरवा किसान, अनिल साहू, कलीम खान, साजिद कलाल, शाहिद अंसारी, शमीम अंसारी, जावेद खान, विनोद तमेडा, परमेश्वर महतो, शशि साहू, कंवर खान, अनीता साहू, सरस्वती देवी, मुन्ना अग्रवाल, बुद्धेश्वर उरांव, कबीर अंसारी, शमीम अंसारी, रंथु उरांव, इकरामुल अंसारी उपस्थित थे।

### 'शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार होगा तभी तरक्की करेगा समाज'

**कैरो।** जिला अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की ओर से शनिवार को कैरो प्रखंड के गराडीह और तेतरपोका गांव में सदर रऊफ अंसारी के सदारत ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ बैठक की। अंसारी ने कहा कि कोई भी समाज तभी तरक्की करता है जब सभी मिलजुलकर समाज की तरक्की के लिए कदम से कदम मिलाकर काम करते हैं। समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार होगा तभी हम तरक्की करेंगे। मौके पर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलू, अनवर अंसारी, मोजम्मिल अंसारी, फारूक कुरैसी, मनान खान, कैरो प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, भंडरा प्रखंड के सदर आफताब आलम, सेक्रेटरी अब्दुल रउफ खान, नायब सदर मोबारक अंसारी, नायब सेक्रेटरी मुमताज अंसारी, नायब सेक्रेटरी महबूब अंसारी, मीडिया प्रभारी मो. वसीम अकरम, सरपरस्त अनीश अहमद खान, मकसूद खान, परवेज अंसारी, सुहैल खान, हिफजूल खान आदि उपस्थित थे।

### महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई दर्ज



**सेन्हा।** बदला पंचायत की महादेव टोली से महिला के गुमशुदा होने की सूचना पति वीरेंद्र उरांव ने सेन्हा थाने में देते हुए सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई। वीरेंद्र उरांव ने कहा कि उसकी पत्नी 10 फरवरी को बिना बताए घर से निकल कहीं चली गई है। काफी खोजबीन की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। मुनिता का रंग सांवला, ऊंचाई 5 फीट 1 इंच है। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

# थाना परिसर में अखंड हरिकीर्तन का समापन, एसपी ने की शंकर की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शनिवार को हवन पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। संतोष पंडित ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। यजमान के रूप में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह एवं उनकी धर्म पत्नी मौजूद रहे। इससे पूर्व क्षेत्र के भौरो, बेदाल, कुम्हारिया, बुची टोली, भंडरा, चट्टी सहित कई गावों से आए कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन किया गया। इससे थाना परिसर सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिमय में हो गया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक हारिस बीन जमां पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना कर जिले में अमन चयन की दुआ मांगी। मौके पर प्रशिक्षु



एसपी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, संत कुमार राय, अवर निरीक्षक पप्पू गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, किस्सा साहू आदि मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर कुम्हारिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# त्याग व समर्पण का संदेश देती है महाशिवरात्रि : समीर

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड की अकाशी पंचायत के कुम्हारिया गांव स्थित कारू मठ मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व राज्य सभा सांसद समीर उरांव, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव व आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने किया। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करता है। भगवान शिव हमें जीवन के पग-पग पर त्याग व समर्पण का संदेश देते हैं। वहीं बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में समरसता बढ़ती है। इस तरह के आयोजन से शांति व आपसी भाईचारा बढ़ता है। ग्रामीणों को एक साथ मिलकर कार्यक्रम का आनंद लेने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजन से गांवों में खुशहाली आती है। नीरू शांति भगत ने कहा कि महाशिव रात्रि के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र में खुशहाली और समाज में आपसी भाईचारगी बढ़ती है। इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, समाजसेवी संदीप साहू, परमानंद साहू, हीरालाल साहू, पूर्व मुखिया साधू उरांव, सुबोध साहू, सचिव पंकज साहू, कोषाध्यक्ष निस्पेक्टर साहू, राजेश साहू, हरिनारायण महली, बिंदु साहू, शत्रुघ्न साहू, नारायण साहू, कालेज साहू, विकास साहू, मनोज साहू, विकाश साहू, आनंद साहू आदि मौजूद थे।



# भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं लोक नृत्य, सहेज कर रखें

## फागुन जतरा सह पारंपरिक लोक नृत्य समारोह में बोले विधायक बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पालकोट प्रखंड की बिलिंगबीरा पंचायत के गोइनधारा में फागुन जतरा सह पारंपरिक लोक नृत्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भूषण बाड़ा ने किया।

विधायक ने कहा कि लोक नृत्य हमारी परंपरा और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनका महत्व हमेशा से बहुत बड़ा रहा है और आगे भी रहेगा, क्योंकि वे हमारे देश की संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलू हैं। लोक नृत्य को इतिहास का हिस्सा भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि लोक नृत्य और संगीत हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जो हमें विरासत के रूप में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई है। भारत आदिकाल से ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता एवं परंपराओं के कारण विश्व पटल पर विशेष पहचान बनाए हुए है। अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की विशेषता है। विधायक ने कहा कि इन लोकगीतों एवं नृत्यों के माध्यम से हम सदियों से अपनी समृद्ध संस्कृति को अब तक बचाए रखने में सफल रहे हैं। इस परंपरा को हमें भविष्य के लिए संरक्षित करने के प्रयास करने चाहिए। आज गोइनधरा में इसे बचाने के लिए जो पहल की जा रही है यह सराहनीय है। जिस प्रकार सरकार ऐतिहासिक धरोहरों के उत्थान एवं संरक्षण के लिए कार्य करती है, उसी प्रकार हमें भी इसके उत्थान एवं संरक्षण के लिए प्रयास करने चाहिए।



विधायक ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ऐसे लोक नृत्यों एवं भाषाए, संस्कृति से दूर होती जा रही है। शहर की चकाचौंध में हम अपनी विरासत से दूर होते जा रहे हैं, परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। पश्चिमी संस्कृति का साया हमारी सुप्राचीन परंपराओं को दूषित कर रहा है। खानपान से लेकर हमारे पहनावे तक सब कुछ पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित हो चुका है। यदि इसी गति से हम अपनी परंपराओं एवं संस्कृति से दूर होते गए तो वह दिन दूर नहीं जब हमें अपनी संस्कृति को जानने के लिए विदेशियों का सहारा लेना पड़ेगा। क्योंकि विदेशी लोग हमारी संस्कृति पर अध्ययन कर रहे हैं। वे भारतीय संगीत के साथ-साथ हमारी संस्कृति से जुड़ी बहुत सारी अच्छी बातों को अपना रहे हैं।

मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, ए सी मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि सह पालकोट प्रखंड लोक सभा प्रभारी तिलका रमन, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह उर्फ (मारवाड़ी सिंह) विधायक प्रतिनिधि केशव सिंह, जिला महासचिव विजय ठाकुर, 20 सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी, मनोज मिश्रा, अरविंद सिंह, रघुबीर प्रधान, बशमति देवी, दमन पाहन, विश्राम सिंह, पैरु उरांव, अनुज सोरेंग, फ्रांसिस खाखा, अमरनाथ सिंह, बलदेव सिंह, इजराइल बा, भवनाथ सिंह, बीरबल सिंह, छटकुपल सिंह, दुर्गा प्रसाद, बसंत किसान, कृष्णा सिंह, महेंद्र सिंह, कौशल्या देवी, रुक्मणि देवी, बालेश्वरी देवी, मनकुमारी देवी, स्यामसुंदर सिंह, अनिल खरिया, श्रवण सिंह, ननकु खरिया, मनोज कुल्लू, मदन सिंह, प्रमोद कुमार यादव, जयपाल सिंह, मोहरनाथ सिंह, गणेश सिंह, निर्मल सिंह, रतिया सिंह, परमेश्वर सिंह, अर्जुन गोप, भीम गोप, कुलदीप सिंह, बजरंग सिंह, शीतल सिंह, संतर सिंह, नरेंद्र सिंह, आनद सिंह, दीपनारायण सिंह, निरंजन सिंह, संजय गोप आदि शामिल थे।

# महाशिवरात्रि पर निकाली गई शिव बरात

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड मुख्यालय में विहिप, बजरंग दल, सरना सनातन युवा वाहनी तथा समाजसेवियों और भक्तों द्वारा जंगल मुहल्ला के समीप स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव की बरात निकाल कर मेन रोड, जगरनाथ मंदिर होते गांव का भ्रमण कर मुस्लिम मुहल्ला, महतो मुहल्ला होते हुए मुख्य पथ से जोगना मोड़ के समीप शिव मंदिर तक पहुंचे, जहां शिव का पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र की अलौदी पंचायत के चंदवा गढ़गांव स्थित महादेव मंडा के समीप महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ ग्राम प्रधान रामलाल पाहन, त्रिलोकी सिंह,अनिरुद्ध राम, दीपक उरांव, रोहित सिंह, गोपाल ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम में झारखंड व छत्तीसगढ़ से आये कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। इसका उपस्थित लोगों ने लुफ्त उठाया। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य त्रिलोकी सिंह ने कहा कि त्यौहार समाज को एकजुट करता है। मौके पर विरेंद्र खेरवार, शिला उरांव, कृष्णा खेरवार, हौड़ा उरांव, संजय सिंह, संदीप उरांव आदि मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक और सफाई दल हुआ रवाना

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन की ओर से 9 मार्च से 11 मार्च तक लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों में पर्यटन स्थलों के रखरखाव प्रबंधन एवं साफ सफाई आदि से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत तथा पर्यटन स्थलों पर मिलकर सफाई कर पर्यावरण को शुद्ध को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जागरूकता रथ को नुक्कड़ नाटक दल के साथ सफाई दल को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# अग्रवाल सभा लोहरदगा के अध्यक्ष बने अजय मित्तल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



अग्रसेन भवन लोहरदगा के प्रांगण में अग्रवाल सभा लोहरदगा की वर्ष 2024 - 26 वर्ष के लिए नई कार्य समिति का चयन पूर्व अध्यक्ष सह सरक्षक चंद्रशेखर अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें आम राय से अग्रवाल सभा के नए निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष- अजय मित्तल, सचिव - राजेश अग्रवाल (टिंकू ), कोषाध्यक्ष- अनीश कुमार मित्तल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव पदाधिकारी चंद्रशेखर अग्रवाल, ज्ञानचंद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि ने कहा की अग्रवाल सभा का निर्विरोध चुनाव यह दर्शाता है कि अग्रवाल एकजुट है। मौके पर परमानंद अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अग्रसेन अग्रवाल, दिनेश, विजय, पप्पू, आशीष, मनीष, देवाशीष, विकास, चंदन गोयल अग्रवाल बंधु शामिल थे।

# ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें कर्मी : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में नवपदस्थापित बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सह परिचय सत्र का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी कर्मियों से बारी बारी से परिचय लिया गया। बीडीओ कर्मियों को निर्देश दिया कि आज जो लोग अनुपस्थित हैं कोई बात नहीं लेकिन अगली बैठक से सभी लोग यह सुनिश्चित कर लें कि बिना अवकाश के कोई अनुपस्थित पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सभी लोग निश्चित रूप से अपने अपने पंचायत में रहें। फील्ड विजिट के दौरान अगर कोई कर्मी अनुपस्थित पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर सभी कर्मी अपने दायित्व को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

### बीडीओ ने कमियों संग चुनाव, मनरेगा व अबुवा आवास पर की चर्चा

बीडीओ ने अबुवा आवास योजना के तहत लाभुकों से मिल कर ससमय पूरा करवाने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत संचालित सिंचाई कूपो को बरसात के पूर्व पूरा करने के निर्देश दिया। बीडीओ ने पंचायत सचिवों से 14 वीं एवं 15वीं वित्त के तहत संचालित सभी पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं का सभी तरह का डिटेल शीघ्र जमा करने को कहा। बैठक में बीपीओ अभिषेक किशोर, सहायक अभियंता तनुश्री, कनीय अभियंता रेहान अंसारी, रविशंकर भगत, पंचायत सचिव तिवारी भगत, आशीष भगत, महिपाल भगत आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य आरोग्य दूत किये गये सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नगर भवन में शनिवार को स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से किया गया।

मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने कहा कि स्वास्थ्य आरोग्य दूत अपनी भूमिका बहुत ही अच्छे तरीके से निभा रहे हैं और छात्र-छात्राओं को भारत सरकार के 11 मॉड्यूल एवं राज्य सरकार के पांच माड्यूल पर विस्तृत रूप से जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि वे अपने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। अगर आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, संतुलित रहेंगे तो निर्णय सही ले पाएंगे और हम समाज और देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। सम्मान समारोह में लोहरदगा जिले के सभी प्रखंड से एक-एक विद्यालय का चयन कर 14 आरोग्य दूतों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। चिन्हित आरोग्य दूतों द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यो का अनुभव साझा किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला अकाउंट्स मैनेजर, सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, एसटीटी एवं आर.के.एस.के बीटीटी एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आरकेएसके जिला काउंसलर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं सी 3 संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




**OFFICE OF TH EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR.**
**CORRIGENDUM**

In Bid Reference No.-WRD/Water Ways Division, Medininagar/Turnkey-01/23-24, Dated-07.02.2024 ,PR 318388 District (23-24).D due to late uploading of Executive Summary over the website, the Period of availability of Bidding document on Website and the corresponding dates are extended as follows: -

| | |
|---|---|
| Period of availability of Bidding document on Website | From 12.02.2024 at 4:00 PM to 18.03.2024 upto 5:00 PM |
| Period of online submission of Bids | From 12.02.2024 at 4:00 PM to 18.03.2024 upto 5:00 PM |
| Date and Time of Opening Prequalification Bid | 22.03.2024 upto 2.00 PM |

Rest will be the same.

Executive Engineer
Water Ways Division,
Medininagar.

PR 322003 District (23-24)D


## राजनीति

## विधायक भूषण बाड़ा ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में की अपील

# कमर कस लें कार्यकर्ता, भाजपा का करेंगे सफाया

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को पालकोट प्रखंड की झिकिरमा पंचायत में कांग्रेस पार्टी के बूथ स्ट्रॉय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। विधायक ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जीत सुनिश्चित करने के लिए मेहनत करने की अपील की।

विधायक ने कहा कि कांग्रेस के पास हर बूथ में आप जैसे कर्मठ, ऊर्जावान एवं जोशीले कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी है, जो किसी भी चुनाव को जिताने के लिए काफी है। बूथ स्तर कार्यकर्ता अगर पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करें तो संगठन हर चुनाव जीत सकती है। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। आपके कार्य एवं मेहनत ही संगठन की दशा और दिशा तय करेगी। आप सभी कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कस लें क्योंकि इस लोकसभा चुनाव में देश से भाजपा की सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना है। लोकसभा चुनाव के माध्यम से यह लड़ाई देश मे बढ़ती महंगाई एवं देश में फैल



रही नफरत के खिलाफ लड़ी जाएगी। विधायक ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत से ही देश का विकास संभव है। आज आप सभी प्रण लें कि राहुल गांधी देश को बचाने के लिये जो संघर्ष करते आ रहे हैं, उनके संघर्ष को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। आलीशान महल एवं सारी सुख सुविधा को त्यागकर धूप, ठंड, बारिश, धूल, आंधी की परवाह किये बिना राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश की जनता के लिए जो मेहनत कर रहे हैं वह आज का कोई भी नेता नहीं कर सकता है। विधायक ने कहा कि देश को चलाने के लिए वैसे प्रधानमंत्री की जरूरत है, जो पूरे देश की जनता की वर्तमान स्थिति को काफी करीब से देखा हो। ऐसा नेता सिर्फ राहुल गांधी ही है। विधायक ने कहा कि देश की जनता अब धर्म की राजनीति से उब चुकी है। जनता अब विकास की राजनीति चाहती है। देश में अमन, चैन, खुशहाली और शांति की राजनीति चाहती है और यह तभी संभव है जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। विधायक ने कहा कि कांग्रेस ने देश को अंग्रेजों के चुंगुल से आजादी दिलाते हुए पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में देश को दस वर्षों के अपने शासन में पूरी तरह से संभाले रखा। तब देश को संभालकर रखना कितना मुश्किल रहा होगा यह हमारे पूर्वजों को पता होगा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दस साल में देश को हर मोर्चे पर संभालने में विफल रहे हैं। उन्होंने न युवाओं को रोजगार देने के लिए कोई सकारात्मक कदम उठाया, न ही देश से गरीबी मिटाने के लिए कोई योजना धरातल में उतारी। कमरतोड़ महंगाई पर काबू पाने के बजाय ऊपर से गरीबों से जीएसटी वसूलने में जुट गए।

### कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के कार्यकर्ता

बैठक में झिकिरमा के भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता किशोरी महतो, महोदरा भगत,महावीर महतो आदि ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। वहीं भाजपा के नन्हू खरिया, भुनेश्वर कुल्लू, जयनारायण सिंह, गुड्डू खरिया, समरू खरिया, सुरेश खरिया, दीपनारायण सिंह, जयपाल सिंह, बालगोविंद सिंह, मोहरनाथ सिंह, प्रमोद कुमार यादव, अनिल खरिया, निरंजन सिंह, ठाकुरनाथ सिंह, जगमाइएं सिंह, मनोज कुल्लू, निर्मल सिंह, बलदेव सिंह, बीरबल सिंह, भवनाथ सिंह, मलकू सिंह, बिनोद खरिया, परमेश्वर सिंह, विश्राम सिंह, महेंद्र सिंह, मदन सिंह, कुलदीप सिंह, रुक्मणि देवी, जानकी देवी, सरिता देवी, सुशीला देवी, पूर्णिमा देवी, अघनी देवी, सालो देवी, जसिंता देवी, जोगनी देवी, निमो देवी, सकुंतला देवी, संतोषी देवी, रंथी देवी, कमला देवी, कुंती देवी, आरती देवी, फुलमनी देवी, करिश्मा, अनीशा, लीलावती, टीना कुमारी, प्रिया, पुष्पा, संध्या, कमला, भगवती, हेमलता, गुड़िया, मायावती, सरस्वती आदि को भी विधायक ने पूरे सम्मान के साथ पार्टी में स्वागत किया।


**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**अति अल्पकालीन–निविदा**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, पलामू
2- RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.03.2024 को 01.00 PM बजे तक
3- RFP जमा का स्थान :– जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू।
4- RFP खोलने का स्थान :– उप विकास आयुक्त, पलामू के वेश्म।
5- RFP खोलने का तिथि एवं समय :– 18.03.2024 को 03.00 PM बजे।

संचिका संख्या य– 1/2024 में उपायुक्त, पलामू से प्राप्त आदेश के आलोक में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत राज्य के सभी महिलाओं एवं अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के 50–60 वर्ष के व्यक्तियों को उक्त पेंशन योजना में लाभ प्रदान करने एवं इससे संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु तथा ग्रामीण जनता के बीच में उक्त योजना का व्यापक प्रचार/प्रसार करने हेतु सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, झारखण्ड, रांची द्वारा अनुमोदित दर या इससे न्यूनतम दर पर निम्न तालिका अनुसार मुद्रण/प्रिंटिंग का कार्य कराया जाना है।

निम्नांकित सामग्रियों का मुद्रण एवं प्रिंटिंग कर आपूर्ति करने हेतु इच्छूक संस्थान/प्रतिष्ठान से दिनांक 18.03.2024 को 01.00 बजे तक निम्नांकित शर्तो के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। इच्छूक संस्थान/प्रतिष्ठान जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू, समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए0 में अपना निविदा जमा कर सकते हैं।

**Required Items**

| क्रमांक | कार्य का नाम | संख्या | गुणवता | लागत राशि | निदेशालय द्वारा अनुमोदित दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 01> | Booklet (8x6=48) pages (size :-21x28cm) | 10000 अदद (दस हजार) | cover (300gsm Art Board (Multi Colour) | 140267/- | 10000/- प्रति हेतु 140267/-रू0 GST Extra |
| | | | Inner Pages 80 GSM Moplitho (B&W) | 431448/- | 10000/- प्रति हेतु 71908 Rs Per 8 Pages GST Extra |
| 02> | Folder (size :-11"x17") size | 100000 अदद (एक लाख) | 210 GSM Art Board (Multi Colour) | 614376/- | 100000/- प्रति हेतु 614376/-रू0 GST Extra |
| 03> | Flex Board (6'x4') | 600 पीस | | 547200/- | 38/- रू0 प्रति वर्ग फीट GST Extra |


नोट :– इस निविदा से संबंधित नियम व शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या पलामू जिला के Official website- www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 321995 (District) 23-24 (D)

## सियासत

# कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़


योगेंद्र योगी

*आश्चर्य* की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आये। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजेपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोड़ने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गये। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी अलग हो गये। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोड़ना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं।

# महत्वपूर्ण प्रगति : भारत में उच्च शिक्षा के विकास का एक दशक

**परिचय**


भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दर्शाती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गये। वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है, धूप में कमल की तरह खिल रहा है, यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गई प्रगति पर विचार करते हैं।

**गति को बनाये रखना : प्रमुख सुधार और पहल (वर्ष 2014-23)**

2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया। नये विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वाकांक्षाओं को प्रेरणा मिली।

**निष्कर्ष**

बीते दशक में, भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र ने केवल वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ तालमेल ही नहीं बनाए रखा है, बल्कि अक्सर उनका मार्ग भी प्रशस्त किया है। पर्याप्त नीतिगत सुधारों और उन्नत तकनीकी उपकरणों के एकीकरण के माध्यम से, युवा, गतिशील भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने की नए सिरे से कल्पना की गई है। आंकड़ों में प्रगति स्पष्ट होने के बावजूद, समान पहुंच, गुणवत्ता में सुधार और विविध अनुसंधान क्षेत्रों को बढ़ावा देने जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। शैक्षिक परिवर्तन की इस उल्लेखनीय यात्रा को बनाए रखने और इसमें तेजी लाने के लिए निवेश, नीतिगत सुधार और नवाचार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता आवश्यक है।



प्रो. हिमांशु राय

**संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरूआत-प्रारंभिक वर्ष (2013-14)**

भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं। 18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था, जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था। यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीईएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते), उभर चुकी थी लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्यधारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में थी। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी। एआईएसएचई वर्ष 2021-22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीईआर वर्ष 2014-15 में 23.7 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.4 हो गया, महिला जीईआर वर्ष 2014-15 में 22.4 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.5 हो गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है। इस मूलभूत बदलाव का उद्देश्य स्नातकों को उपयुक्त कौशल से लैस करना और तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। केवल मेट्रिक्स के संदर्भ में ही नहीं, बल्कि एनईपी ने, भारत में शिक्षा परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से परिभाषित करने के अपने प्रयासों की बदौलत इस क्षेत्र में हितधारकों के भीतर प्रेरणा और उत्थान की भावना जगाई है। विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम में संशोधन को अपनाया, लचीली क्रेडिट प्रणाली, पसंद-आधारित पाठ्यक्रम और उद्योग के अनुरूप विशेषज्ञता की शुरूआत की। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान संबंधी पहल समृद्ध हुई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत के अनुसंधान आउटपुट को बढ़ावा मिला। शिक्षक एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन मेंटरिंग, अटल एफडीपी आदि जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रयासों का संकाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वयं (जिसे वर्ष 2016 में पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विस्तारित और समृद्ध किया गया) और एमओओसी जैसे डिजिटल शिक्षा प्लेटफॉर्मों के उदय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में क्रांति ला दी। ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों ने विकल्पों का और अधिक विस्तार किया। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना परिवर्तनकारी हो सकती है। देश भर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर केंद्रित 'डिजिटल इंडिया' और 'भारतनेट' जैसी पहलों ने डिजिटल शिक्षण उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति उसके प्रभावशाली अनुसंधान आउटपुट और नवाचार से भी जाहिर होती है। जैसा कि यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है, वैज्ञानिक प्रकाशनों के क्षेत्र में भारत वर्ष 2010 में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान से लंबी छलांग लगाते हुए वर्ष 2020 में तीसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 और वर्ष 2022 के बीच अनुसंधान आउटपुट में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक औसत से अधिक रही। इस अवधि में 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर और 8.9 मिलियन उद्धरण देखे गए। नवाचार में, वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक पेटेंट फाइलिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। **निदेशक, आईआईएम इंदौर**

> **'शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने में कर सकते हैं।**
> **नेल्सन मंडेला**

# लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले अपराधी नेता


ललित गर्ग

*आपराधिक* छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआइ को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है। लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उस टीम पर हमला बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे। तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया? आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन बड़ा सवाल है कि कब मुक्ति मिलेगी शेख जैसे अपराधी तत्वों से राष्ट्र को? राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो। राजनीतिक दलों के बीच टकराव समझ में आता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वे कार्यकर्ताओं और अपराधियों के बीच के फासले को समझें। चंद वोटों की खातिर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपराधियों को शह देने के नतीजे सामने आते रहे हैं। अपराधी का न कोई धर्म देखा जाना चाहिए और न ही विचारधारा। कानून को अपना काम करने देना चाहिए, तभी लोकतंत्र की सार्थकता है। यह अजीब स्थिति है कि अक्सर साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने के दावों के बीच आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने या अपने दल का नेता बनाने का सवाल उभर जाता है। सवाल है कि क्या ममता अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गंभीर हैं? ऐसे जिम्मेदार राजनेता अपने दावों से पीछे हटेंगे तो राजनीति को कौन नैतिक संरक्षण देगा? हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे स्वस्थ राजनीति मूल्यों को स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? इस तरह अपराधी तत्वों को महिमामंडित करने के बाद ममता के दावों एवं लम्बे संघर्षों की क्या विश्वसनीयता धूमिल नहीं हो जायेगी? केवल सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शेख को छह साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा कर अपनी पार्टी की अपराध-छवि को ढक नहीं सकती।

## राजनीति


# लोस चुनाव 2024 तारीखों की अधिसूचना जारी, उल्टी गिनती शुरु


किशन भावनानी

*वैश्विक* स्तरपर दुनियां की निगाहें संसार की सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई है। लोकतांत्रिक स्वायत्त संस्था चुनाव आयोग भी पिछले कई हफ्तों से चुनाव की तैयारी में लगा हुआ है जिसमें आज 8 मार्च 2024 को चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह सचिव व सहयोगियों के साथ बैठक हुई उधर चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण रोल अदा करने वाली चुनावी अमिट स्याही जिसे तर्जनी पर लगाया जाता है, करीब 15 मार्च 2024 तक अपना पूरा उत्पादन कर चुनाव आयोग के हैंडओवर करने की संभावना व्यक्ति की गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में तैयारी चुनाव आयोग मेंलगभग पूर्ण कर ली है ऐसा मेरा मानना है। इसलिए ही शायद 14-15 मार्च 2024 को तारीखों के ऐलान होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मेरा मानना है कि इस अमिट स्याही जो शायद आम नागरिक इतना सीरियसली नहीं लेते या उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण स्याही पर नहीं जाता इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग की केंद्रीय गृह सचिव, राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों, उंगलियों की तर्जनी पर लगाये जाने वाली स्याही सहित सबसे समीक्षा बैठक भी तारीखों पर मंथन शुरू। साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग की अंतिम चरणों की तैयारी में एक दिनांक 8 मार्च 2024 को केंद्रीय गृहसचिव और उनके सहयोगियों के साथ बैठक की करें तो, लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से कुछ दिन पहले, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने आम चुनाव के लिए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करने हेतु गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया है। मिडिया नें बताया कि गृह सचिव शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और साथी चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती पर चर्चा की। यह बैठक चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग की जम्मू-कश्मीर यात्रा से कुछ दिन पहले हो रही है। चुनाव आयोग ने लोकसभा और चार विधानसभा चुनावों के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मांग की है। लगभग 97 करोड़ मतदाताओं के साथ, चुनाव आयोग पूरे भारत में लगभग 12.5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करेगा। वहीं चुनाव आयोग रेलवे के शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। रेलवे विभिन्न चरणों के दौरान केंद्रीय बलों को तैनाती के लिए ले जाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। ऐसे में चुनाव घोषणा के पहले रेलवे से भी निर्वाचन आयोग विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए खास वार्ता करेगा। लोकसभा 2024 चुनाव की तारीखों की घोषणा 14 या 15 मार्च को होने की संभावना है। मिडिया में बताया कि चुनाव 2019 की तरह 7 चरणों में हो सकते हैं। पहले चरण के लिए मतदान अप्रैल के दूसरे सप्ताह में हो सकता है। 14 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना है। अमिट स्याही वालों भी बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी भी शुरू हो गई हैं। 2024 के आम चुनाव में 30 लाख वायल अमिट स्याही का ऑर्डर मिल चुका है। इसकी आयु अधिकतम 6 महीने ही होती है, इसलिए चुनाव की तिथि के 1 से 3 महीने के अंदर ही इसकी सप्लाई की जाती है। इसे समय से तैयार किया जा सके, इसलिए चुनाव आयोग से कम से कम 6 महीने पहले इसका आर्डर ले लिया जाता है। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव सहित अन्य चुनावो में तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमिट स्याही के महत्व योगदान व प्रमुख कारक की करें तो, वोटिंग के समय उंगली पर स्याही लगाकर ये सुनिश्चित किया जाता है कि वोटर्स दोबारा कई बार वोट न करे।

# वायु प्रदूषण का मूल कारण मनुष्य की आधुनिक जीवनशैली

> **ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है।**


हृदयनारायण दीक्षित

*वायु* से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, ''तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं ''वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता''-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।'' (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है ''आत्मा देवानां।'' (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें ''वायु'' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है ''नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।'' यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, 'वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं ''आदित्य ह वै प्राणौ''-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है। वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन ''मरूद्गण'' कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं ''अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य''-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अन्तर्सम्बंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं। मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है ''हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी'' ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछते हैं ''मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं?'' (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं ''वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है।'' कहते हैं, ''वे गतिशील मरूद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं।'' (1.167.4) यहां मरूद्गण वर्षा के भी देवता हैं। ऋग्वेद में मरूतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं ''आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।'' (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है ''हे मरूतो आप दूरस्थ क्षेत्रो में न रुकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आयें।'' (5.53.8) ऋषि कहते हैं ''रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।'' (वही 10) वे ''नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।'' (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं ''हे मरूतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।'' (5.54.4) वायु जगत का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। वाुय से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है ''वायुरायुर्बलं वायुर्वायु धार्ता शरीरिणाम''-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं ''यह संसार वायु है, उसे सबका नियन्ता गाते है-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।'' वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परम्परा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनो का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है ''वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।'' चरक संहिता में कहते हैं ''वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।'' यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित 5 वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है। वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं, जहां वायु सघन है, वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं, स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### अपराधियों ने इलेक्ट्रीशियन को मारी गोली

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत मुर्दा मैदान में शनिवार शाम अपराधियों ने निमार्णाधीन भवन में काम कर रहे मो शाहिद पर फायरिंग कर दी. गोली शाहिद के सिर पर लगी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. इधर घटना के बाद सहकर्मियों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है. शाहिद को टीएमएच रेफर करने को तैयारी चल रही है।

### पूर्व पार्षद के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने नगर निगम कार्यालय घेरा

**आदित्यपुर।** नगर निगम आदित्यपुर के वार्ड 5 में ठेकेदार द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों को अधूरा छोड़ दिया गया है जिसको लेकर वार्ड के लोगों में आक्रोश है. शनिवार को वार्ड की समस्याओं को लेकर पूर्व पार्षद सिद्धिनाथ सिंह यादव के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों से नगर निगम कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन किया और प्रशासक आलोक कुमार को ज्ञापन सौंपा है. इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद सिद्धिनाथ ने बताया कि वार्ड 5 में राज कंस्ट्रक्शन और सतराज कंस्ट्रक्शन के द्वारा अनियमितता पूर्ण कार्य किया गया है. राज कंस्ट्रक्शन के द्वारा सितंबर 2021 से नाली निर्माण अधूरा रखा गया है.सतराज कंस्ट्रक्शन के द्वारा 53 लाख की लागत से पीसीसी सड़क सह नाली का निर्माण 2 साल से अधूरा छोड़ कर रखा गया है. जबकि लाल बिल्डिंग चौक से आदर्शनगर जाने वाली सड़क वर्षों से अतिक्रमित है. इन सारी बातों से कई बार वार्ड के गणमान्य लोगों के साथ प्रशासक और जिले के उपायुक्त से लिखित शिकायत की गई है लेकिन आज तक नगर निगम का कोई जेई और एई स्थल निरीक्षण तक नहीं किया है. इन सारी बातों से वार्ड के लोगों में काफी आक्रोश है. आज इन्ही सारी बातों को लेकर वार्ड के लोग नगर निगम का घेराव करने आये हैं और प्रशासक को एक रिमाइंडर पत्र सौंपने आए हैं।

### स्वरोजगार के लिए महिलाओं को दिया 13.5 लाख का ऋण

**चांडिल।** बैंक ऑफ इंडिया के घोड़ालिंग शाखा में शनिवार को ऋण चुकाओ ऋण पाओ के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है. दिन के 11 से दो बजे तक लगने वाले शिविर में पुराने ऋणधारकों को एक मुश्त ऋध चुकता किया जाएगा और ऋण का भी वितरण किया जाएगा. बैंक के शाखा प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि ऋणधारकों को अपने बकाए ऋण का चुकता करने के लिए बैंक समय-समय पर शिविर लगाता है. शिविर के माध्यम से ऋणधारकों को कई सुविधाए मुहैया कराई जाती है. उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है. वहीं बैंक के घोड़ालिंग शाखा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया गया. इस अवसर पर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण दिए गए।

### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की

**धनबाद।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बोकारो में विभिन्न मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की गयी. इस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने चास आईटीआई मोड़ और जैनामोड़ को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया. जो एनएच 32 (धनबाद-बोकारो-पुरुलिया) और एनएच 23 (रांची-रामगढ़-बोकारो) को जोड़ती है. आईटीआई मोड़ जाम होने के कारण बोकारो से गुजरने वाली दोनों एनएच पर आवागमन ठप हो गया. जिसकी वजह से इन मार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी. बता दें कि आर्थिक नाकेबंदी से किसी देश, राज्य या जिले के सभी आयात और निर्यात पर रूक जाती है. इसे प्रतिबंध के रूप में भी जाना जाता है. संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजदेव महथा ने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी झारखंड निर्माण के लिए आंदोलनकारियों को मान-सम्मान दिलाने के लिए किया गया है।

# लोगों ने तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में की तालाबंदी, उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

## रजिस्टर टू के प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए 15 दिनों से धरने पर बैठे लोगों का टूटा सब्र का बांध, पुलिस ने आंदोलनकारियों को मनाने का किया प्रयास

**आंदोलनकताओं ने चेताया कि ताला खोलने से पहले विभाग हमलोगों से करे वातार्लाप, नहीं तो आंदोलन और होगा उग्र**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
रजिस्टर टू के प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय तिसरी के समक्ष किसान जनता पार्टी के बैनर तले पिछले 15 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे लोगों का शनिवार को सब्र का बांध टूट गया।

किसी भी प्रकार के प्रशासनिक पहल नहीं होने के कारण धरने पर बैठे लोगों ने थक - हारकर 16वें दिन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य दरवाजे में तालाबंदी कर दी। साथ ही धरने पर बैठे लोगों ने अंचलधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद कार्यालय आए ब्लॉक व अंचलकर्मी बाहर ही खड़े रहे। उन्होंने इसकी सुचना प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलधिकारी मनीष कुमार को दिया। हालांकि तब तक सीओ मनीष कुमार मीटिंग में शामिल होने जिले के लिए निकल चुके थे। अंचलाधिकारी ने इसकी शिकायत तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक से की, जिसके बाद एएसआई सुदर्शन बीन, कुलेश्वर राम और संजय टुडू दल - बल के साथ ब्लॉक पहुंचे। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव, भाजपा नेता उपेंद्र साव, नरेश यादव आदि लोग भी वहां पहुंचे। पुलिस और जनप्रतिनिधियों ने धरने पर बैठे लोगों को समझाते हुए ब्लॉक का ताला खोलने का आग्रह किया। लेकिन वे लोग नहीं माने। तिसरी पुलिस व जनप्रतिनिधियों के काफी समझाने- बुझाने पर भी धरने पर बैठे लोग नहीं माने। जिसके बाद घंटों यह सिलसिला चलता रहा, कभी कोई जनप्रतिनिधि लोगों को समझाने का प्रयास करते तो कभी पुलिसकर्मी लेकिन धरने पर बैठे लोग नहीं माने। अंत में पुलिसकर्मियों ने ब्लॉक में ताला बंद करने वाले लोगों पर मुकदमा करने की भी चेतावनी दी लेकिन वे लोग नहीं डिगे और अपनी मांगों के पूरा होने तक ब्लॉक का ताला खोलने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने धरने पर बैठे लोगों का एक-एक कर नाम और पता लिखा।

पुलिस ने ब्लॉक में ताला बंद करने वाले लोगों की एक लंबी - चौड़ी लिस्ट तैयार की है। बता दें कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पंजी 2 के प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए अंचल का चक्कर लगा रहे दर्जनों ग्रामीण 23 फरवरी से तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किसान जनता पार्टी के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। उक्त लोगों द्वारा सुचना अधिकारी अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत प्रखंड के 32 मौजा का पंजी 2 का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। जिसके लिए उन्होंने जनवरी माह में ही नजीर रशीद भी कटवा लिया था। बावजूद इसके उन्हें पंजी 2 का प्रतिलिपि नहीं दिया गया जिसको लेकर किसान जनता पार्टी के बैनर तले प्रखंड के विभिन्न पंचायत के दर्जनों लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। इधर खबर लिखे जाने तक ब्लॉक में तालाबंद व धरना जारी था। वहीं धरने पर बैठे लोगों ने किसान जनता पार्टी के बैनर तले ही ब्लॉक मुख्यालय से लेकर तिसरी चौक तक रैली भी निकाली।

# अबुआ आवास में गड़बड़ी के खिलाफ माले और इंनौस ने किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड मुख्यालय में अबुआ आवास में गड़बड़ी के खिलाफ शनिवार को इंकलाबी नौजवान सभा तथा भाकपा माले ने गांडेय प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर इसमें सुधार करने तथा वास्तविक पात्रता रखने वाले गरीबों को इसका लाभ देने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन माले के प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा तथा इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड संयोजक सलामत अंसारी, मनोज यादव ने सयुक्त रूप से किया और कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास के नाम पर गरीबों से रिश्वत की मांग की जा रही है, नहीं देने पर उनका नाम छांट दिया जा रहा है। यदि इसपर रोक नहीं लगी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, पहले मोदी सरकार ने झारखंड के गरीबों को आवास के नाम पर धोखा दिया और अब जबकि झारखंड सरकार ने अबुआ आवास देने की घोषणा की तो उसमें भी बड़ी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। यहां तक कि गरीबों से आवास के नाम पर रिश्वत भी मांगा जा रहा है और नहीं देने पर आवास से वंचित कर दिया जा रहा है। श्री यादव ने प्रदर्शन कार्यक्रम के बाद दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई कर वास्तविक गरीब लाभुकों को आवास देने की मांग करते हुए कहा कि, यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन को और भी सघन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित पिंटू यादव, राजू पासवान, रिजवान अंसारी, अताउल अंसारी, जाकिर अंसारी, मोइन अंसारी, हासिम मियां, सरिता देवी, अशोक यादव, हरी महतो, संतोष यादव, रोहित यादव, फिरोज अंसारी, कासिम मियां, नुनुराम पंडित, अफजल अंसारी, रंजीत यादव, सावित्री देवी, करमी देवी, नजमा खातून, जीवन यादव, घनश्याम यादव, प्रधान अंसारी, जालेश्वर राय, जीबलाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## टोंटो व चाईबासा प्रखंड के गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने की योजना ठंडे बस्ते में

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
मुख्य सचिव एवं पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त का तबादला के बाद उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों को मुख्य सड़क से जोड़ने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के अति संवेदनशील प्रखंडों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़क से जोड़ने की कवायद बीते साल बहुत ही जोर शोर से तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के तत्कालिन प्रघान सचिव अजय कुमार सिंह के साथ साथ जिला के तत्कालिन उपयुक्त अनन्य मित्तल और वर्तमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता और प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता बैठक कर योजना का चयन किया था.इन सड़कों व पुल-पुलिया का डीपीआर तैयार कर संबंधित विभागों को प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव भी भेजा गया था. लेकिन वही पुरानी कहावत, धाक के तीन पात की तरह चरितार्थ हो रहा है. यह वही योजना है जो डीएमएफटी फंड से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र को कनेक्टिविटी के तहत मुख्य सड़क से जोड़ना था. जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है. यह भी कहा जा सकता है कि तत्कालीन मुख्य सचिव और उपायुक्त अनन्य मित्तल के बदलते ही इस महत्वपूर्ण योजना को स्थगित कर दिया गया है. डीएमएफटी फंड रहते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तथा विशेष कर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र की जनता के लिए आवागमन को सुगम नहीं बनाना अपने आप में बेईमानी है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईजी ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। इसी क्रम में शनिवार को समाहरणालय भवन में पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजन की गई। जिसमें बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी एस माइकल राज, डीआईजी सुरेन्द्र झा, धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मतदान में सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर व्यापक सुरक्षा के इन्तेजामात, बलों की तैनाती समेत कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों को इस संदर्भ में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। वहीं पिछले दिनों जोगता थाना क्षेत्र में कोयला में वर्चस्व को लेकर हुई हिंसक झड़प पर धनबाद एसएसपी ने कहा कि कुछ लोग अपना वर्चस्व कायम करने को लेकर किराये पर अपराधिक किस्म के लोगों को भेज कर इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। जिसको लेकर एक एसआईटी का गठन किया गया है और दो सौ से अधिक लोगों पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। घटना में सामिल कोई भी अपराधी बख्शे नहीं जायेगें।

### साइबर ठगी के आरोप में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार, गए जेल



**चांडिल ।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कपाली ओपी की पुलिस ने साइबर ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया. इसमें एक नाबालिग भी शामिल है. पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से 17 अलग-अलग कंपनियों के मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड, चेक बुक, डायरी और नगद राशि बरामद किया है. इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार रजवार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी. उन्होंने बताया कि सरायकेला खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कुछ साईबर अपराध कर्मी कपाली ओपी अंतर्गत तामुलिया बस्ती काड़ाधारा जेवियर स्कुल के सामने एक घर में साईबर अपराध करने का काम कर रहे है. सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. छापामारी दल ने तमोलिया बस्ती काडाधारा जेवियर स्कुल के सामने स्थित सोमेला महतो के घर पहुंचकर देखा कि तीन युवक अपने-अपने मोबाईल फोन पर व्यस्त थे. पुलिस दल को देखकर सभी भागने का प्रयास करने लगे जिसे गठित छापामारी दल के सहयोग से पकड़ लिया गया.

### कोयला लदे साइकिल की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**गिरिडीह।** बेंगाबाद-गिरीडीह मार्ग पर बरसोली के पास कोयला लदे साइकिल की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्ध मो शाहजहां परवेज उर्फ मुन्ना की मौत हो गई. मृतक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कर्णपुरा पंचायत के आस्था का रहने वाला था. जबकि इस दुर्घटना में अमजो का रहने वाला एक कोयला मजदूर बालेश्वर यादव घायल हो गया है। घायल मजदूर को इलाज के लिए धनबाद रेपर कर दिया गया है. घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक ग्रामीण चिकित्सक के रूप में काम करते था।

### लोक अदालत में 11609 मामलों का हुआ निष्पादन

**चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान गठित कुल 8 बैंचों में मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 11609 मामलों का हुआ निष्पादन करते हुए 1, 95,55,074 रुपए राशि का समायोजन किया गया. प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ मध्यम है. इसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अपील कर सकते हैं. उन्होंने आगे बताया कि आज के राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों योगेश्वर मणि, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, ओम प्रकाश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, एस बी ओझा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, विनोद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, राजीव कुमार आदि थे।

**कृषि के क्षेत्र में आज देश आगे बढ़ रहा है लेकिन हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा : अर्जुन मुंडा**

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने चाईबासा में डेरी मेला और कृषि प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। प सिंहभूम**
**प सिंहभूम।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को जिले के चाईबासा में तीन दिवसीय डेरी मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मेले में किसानों को डेयरी विज्ञान की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। देश के किसानों और पशुपालकों को दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने की जरूरत है। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि कोल्हान की धरती पर यह आयोजन कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज देश आगे बढ़ रहा है लेकिन हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा है। अब हम इस क्षेत्र में कृषि कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा के द्वारा झारखंड में इस तरह का पहला आयोजन कोल्हान की धरती पर



किया जा रहा है। अर्जुन मुंडा ने कृषक समुदाय से सरकार द्वारा शुरू की गई कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम फसल बीमा और पीएम किसान समृद्धि का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने लगाए गए स्टालों को देखा। साथ ही किसान उत्पादक संगठनों और स्थानीय किसानों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों की कड़ी मेहनत और कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे फसल छिड़काव और फसल निगरानी के लिए कृषि ड्रोन की शुरूआत के कारण देश खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने बताया कि यह मेला 'अमृत काल' उत्सव के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए पशुधन उत्पादन प्रबंधन एवं डेरी प्रसंस्करण के क्षेत्र में नवोन्मेषी कृषि प्रौद्योगिकी विस्तार द्वारा नये आयाम स्थापित करेगा। इस मेले में लगभग छह हजार से ज्यादा पशु पालक, किसान, इनपुट डीलर्स, उद्यमी, विद्यार्थी, सरकारी एवं गैर-सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भाग ले रहे हैं। इसमें देश के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों, जिला स्तरीय विभागों- जिला उद्यान विभाग,पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, नाबार्ड बैंक, जिला रेशम पालन विभाग, जिला सिंचाई विभाग, महिला-बाल विकास विभाग आदि की 50 से अधिक कृषि प्रौद्योगिकी, गाय, बकरी एवं अन्य पशुओं की प्रदर्शनी स्टाल लगाई गई हैं।

# चाकूबाजी करने वाले युवकों को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**
**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के फदलोगोड़ा में मारपीट और चाकू बाजी करने के आरोप में पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार फदलोगोड़ा में बीती रात चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक कृष्ण सिंह मुंडा फदलोगोड़ा का रहने वाला है और उसे इलाज के लिए टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को चाकूबाजी करने वाले युवकों की पहचान किया और पकड़कर चांडिल थाना की पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर फदलोगोड़ा के पैदल मार्ग से होकर श्रद्धालु दलमा पहाड़ की चोटी तक चढ़ते हैं। गुरुवार की



रात बड़ी संख्या में श्रद्धालु फदलोगोड़ा के रास्ते से दलमा पहाड़ चढ़े हैं। श्रद्धालुओं की सेवा और सहायता के लिए स्थानीय लोग मौजूद रहते हैं। गुरुवार की रात सहयोग करने के लिए उपस्थित स्थानीय युवक कृष्णा सिंह मुंडा को कुछ बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया।बताया जा रहा है कि दलमा पहाड़ चढ़ने के रास्ते में पड़ने वाले चांडिल डैम से निकलने वाली कैनाल के ऊपर वाले रास्ते से जाने में खतरा रहता है। जमशेदपुर के कुछ युवक कैनाल के ऊपर से जाने का प्रयास कर रहे थे। इस पर कृष्णा सिंह मुंडा ने उन्हें मना किया और कैनाल के नीचे से जाने के लिए कहा।

इसी बात को लेकर नशे में धुत जमशेदपुर के युवकों ने चाकू मारकर कृष्णा सिंह मुंडा को गंभीर रूप से घायल कर दिया और वहां से दलमा की ओर फरार हो गए।शुक्रवार को दोपहर के वक्त दलमा से लौटने के दौरान स्थानीय लोगों ने चाकू बाजी करने वाले युवकों को पहचान लिया और उन्हें घेरकर पकड़ लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड एक अरब 10 करोड़ की रिकवरी




**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
नालसा के निर्देश पर धनबाद कोर्ट परिसर में शनिवार को इस साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत लगी. लोक अदालत का उद्घाटन धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने किया. लोक अदालत में 85 हजार 803 वादों का निबटारा सुलह के आधार पर किया गया. कुल एक अरब 10 करोड 31 लाख 53405 रुपए पए की रिकॉर्ड रिकवरी भी की गई. इस मौके पर डालसा अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरो करने की दिशा में एक कदम है. नवंबर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह पर किया जा रहा है. हमारा संविधान लोगों को सामाजिक, आर्थिक व सस्ता न्याय दिलाने की गारंटी देता है.जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित में लगाई जाती हैं. बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि लोक अदालत के सहारे महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है. लोगों में प्रेम, शांति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है. अवर न्यायाधीश सह डालसा की सचिव निताशा बारला ने भी विचार व्यक्त किए.लोक आदालत में मुकदमों के निबटारे के लिए 15 बेंच का गठन किया गया था।

# तिसरी में आम आदमी पार्टी की बैठक में लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान

## मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और गिरिडीह जिलाध्यक्ष रहे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी अग्रवाला उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को आम आदमी पार्टी की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता राहुल राजू मंडल ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और गिरिडीह के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर यादव ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी व्यवस्था की राजनीतिक करती है हम आज आह्वान करने आए हैं जब तक पंचायत स्तर के छात्र, मजदूर, और किसान राजनीतिक में नहीं



आएंगे तब तक जो चालाक लोग हैं वह आपसे झूठा वादा करते रहेंगे और झूठा घोषणा पत्र में उलझाते रहेंगे जो नेता झूठे वादे करते हैं सरकार में आएंगे तो काले धन लाएंगे आपके अच्छे दिन आने वाले हैं ऐसे नेता से होशियार हो जाएं। हम पंचायत स्तर से युवा किसान मजदूर सभी को जागरूक करने के लिए आए हैं। बिना राजनीति का कोई काम जल्द नहीं होता है किसी बच्चे को अच्छी शिक्षा देना है वह राजनीतिक तय करती है अगर किसी किसान तक पानी पहुंचानी है वह राजनीतिक तय करती है किसी नौजवान को नौकरी देना है वह राजनीतिक तय करते हैं। हम प्रखंड के छात्र किसान मजदूर सभी राजनीतिक में आइए और झूठे वादे में मत पड़िए। आम आदमी पार्टी झूठा वादा नहीं करती है। प्रखंड अध्यक्ष राजू मंडल ने कहा कि इस पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल दिल्ली में गली मोहल्ले में घूम-घूम कर लोगों से हाथ मिलाकर लोगों को इस पार्टी से जुड़ने के लिए कहते थे और आज देखिए उसका परिणाम है कि दिल्ली में आम आदमी की पार्टी की सरकार है ,आम आदमी पार्टी बड़ी पार्टी नहीं गरीबों की पार्टी है इस पार्टी में सभी को सम्मान मिलता है। मौके पर रुस्तम अंसारी , परवेज आलम, मुकेश हसदा, विनोद राय, मंसूर अंसारी, प्रशांत यादव, राहुल शर्मा मौजूद थे।

## एक नजर

### दस बकायेदारों का कटा विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के रुपिन गांव में शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान दस बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। छापेमारी दल में विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार, महावीर दांगी आदि शामिल थे।

### मंडल अध्यक्ष ने की कैलाश धाम में पूजा

**मयूरहंड।** भाजपा मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष महेंद्र नायक ने पार्टी समर्थकों के साथ शनिवार को प्रखंड के बेला अवस्थित कैलाश धाम मंदिर में पूजा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर इटखोरी मंडल भाजपा यूवा मोर्चा अध्यक्ष सह कैलाश धाम मंदिर सदस्य कमलेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री बंमशंकर सिंह, डीएन प्रसाद, सुदामा महतो, नंदलाल साव, विश्म्भर राणा, संजय प्रजापति आदि मौजूद थे।

### नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनेगा

**बालूमाथ।** खरवार भोगता समाज विकास संघ लातेहार जिला समिति की बैठक शनिवार को बालूमाथ प्रखंड के जोगियाडीह जतराटॉड में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू तथा संचालन जिला सचिव सत्यनारायण गंझु ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू, केंद्रीय सदस्य रामधन गंझू, नारायण भोगता आदि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से 28 मार्च को वीर शहीद नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश गंझू, जिला उपाध्यक्ष रामधारी गंझू, प्रवक्ता महेश गंझू, प्रयाग गंझू, मनमोहन गंझू, सोमनाथ गंझू, रामवचनदेव गंझू, बालेश्वर गंझू, सुरेश भोगता, बालदेव गंझू, अशोक गंझू, जीतन गंझू, सेवक गंझु, दिलीप गंझू, कुलदीप भोगता, रामा गंझू, महेंद्र गंझू, प्रदीप गंझू, जयकिशोर गंझू, सिकंदर गंझू, जगमोहन गंझू, सुदेश गंझू, बसंत गंझू, शिवदयाल गंझू, बिगन गंझू, जीतराम गंझू, कमेश्वर गंझू, सुधीर गंझू, संजय गंझू, सुरेश गंझू आदि मौजूद थे।

### चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, दो जगहों पर नाका

**महुआडांड़।** लोक सभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के बॉर्डर क्षेत्र हामी मोड़ व सरनाडीह मोड़ पर पुलिस चेकपोस्ट बनाकर जांच पड़ताल की जा रही है। दोनों चेकपोस्ट पर मजिस्ट्रेट, पुलिस अफसर, जवानों के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी ने शनिवार को उन्होंने दोनों चेकपोस्ट का औचक निरिक्षण भी किया।

### सरहुल को लेकर बैठक

**बारियातु।** पड़हा भवन नचना में प्रकृति के महापर्व सरहुल मनाने को लेकर पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। 17 मार्च को संचालन कमेटी गठित होगी। मौके पर मुखिया राजीव भगत, जगदीश उरांव, सरहुल उरांव, महाबीर उरांव, धानेश्वर उरांव, राजेश्वर भगत महेंद्र, उरांव, जीतू उरांव, भरत उरांव, कौलेश्वर उरांव आदि मौजूद थे।

### शिविर का आयोजन

**टंडवा।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना ने शनिवार को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गाडिलौंग में स्वास्थ्य शिविर लगाया। सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि जीएम अमरेश सिंह के निर्देश पर 183 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी गई। मौके पर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभा कुमारी, डॉ. सूर्यांशु मुखर्जी, सत्येन्द्र पांडेय आदि मौजूद थे।

### 14 करोड़, 34 लाख, 87 हजार राजस्व की वसूली

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 20731 वादों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शंभु लाल साहू के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा वाजपाई द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय में किया गया। इसका शुभारंभ पीडीजे साहु एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय कमल कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिला सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा एवं अपर जिला सत्र न्यायाधीश पंचम प्रेम शंकर, बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष दुखी प्रसाद एवं प्रभारी सचिव मुरली मनोहर एवं एलडीएम देवब्रत शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 20731 वादों का निष्पादन करते हुए 14 करोड़ 34 लाख 87 हजार 750 रुपये सरकारी राजस्व की वसूली की गई। वादों के निष्पादन के लिए 7 बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में कमल कुमार श्रीवास्तव प्रधान नयायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, सदस्य आतुशोष कुमार एवं विद्यानंद कुमार सिंह पैनल अधिवक्तागण नियुक्त थे, जिसमें धारा 281 मुस्लिम अधिनियम के तहत चल रहे एक मुस्लिम व्यक्ति के वाद में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से प्रधान नयायाधिश कुटुम्ब न्यायालय में सुलह समझौता किया एवं एक दूसरे को माला पहनाकर राजी खुशी से दोनों बच्चों सहित दाम्पत्य जीवन यापन करने का निर्णय लिया। बेंच दो में राकेश चंद्रा एडीजे तृतीय, सदस्य अशोक साहू एवं सीताराम यादव पैनल अधिवक्ता, बेंच 3 में प्रेम शंकर अपर जिला सत्र न्यायाधीश पंचम, सदस्य विनोद कुमार पाठक एवं दिनेश कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता, बेंच 4 में मनोज कुमार इंदवार अवर न्यायाधीश चचुर्थ सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सदस्य सुजीत कुमार घोष एवं शिशिर कुमार पांडेय पैनल अधिवक्ता, बेंच 5 में मुक्ति भगत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड, प्रवीण रंजन व दिलीप कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता, बेंच 6 में विनय कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी सिमरिया, सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं रामाशीष पाठक पैनल अधिवक्ता व बेंच 7 में अजीत कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, सदस्य प्रेम कुमार व मारुति जायसवाल शमिल थे।

# ट्रेन से कटकर दो की मौत, एक की शिनाख्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर चौबीस घंटे के अंदर ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना शुक्रवार को टोरी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर घटी है, जहां एक युवक खड़ी मालगाड़ी के नीचे से पटरी पार कर रहा था तभी मालगाड़ी चलने लगी। पहिये के नीचे आ जाने से युवक के शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरह से जख्मी हो गया। आरपीएफ जवानों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अरुण कुमार साव (थाना टोली चंदवा) के रूप में की गयी है। वहीं दूसरी घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। चेटर स्टेशन की पोल संख्या 196/19-21 के समीप से एक शव बरामद किया गया, जिसकी शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। मृतक का शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी उम्र करीब 35-40 वर्ष बताई जा रही है। इधर, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार भी मृतक के बारे में छानबीन में जुटे हैं। बताते चलें कि एनएच 22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी जंक्शन के समपार फ्लाई ओवरब्रिज (आरओबी) और टोरी जंक्शन में फुट ओवर ब्रिज नहीं बनने से आये दिन ट्रेन से कटकर लोगों की जान जा रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार आवाज उठाने के बावजूद रेलवे प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिसकी वजह से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



### माकपा नेता ने टोरी में लगातार हो रही मौतों का मामला उठाया

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अयुब खान ने शोशल मीडिया साइट एक्स पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, रेलवे मिनिस्टर अश्विनी वैशनव, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्यपाल, रेलवे जीएम, डीआरएम को ट्वीट कर कहा कि टोरी जंक्शन में आरओबी, फुट ब्रिज,अंडरपास के अभाव में लगातार मौतें हो रही है। झारखंड की सबसे बड़ी समस्या है टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम है। प्रत्येक दिन लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हैं। टोरी जंक्शन के प्लेटफार्म 2 पर रेलवे की मालगाड़ी से कटकर चंदवा निवासी अरुण कुमार साहू की मौत बीते 8 मार्च को हो गई। इस रेलवे जंक्शन पर फ्लाई ओवर ब्रिज, अंडरब्रिज पास, फुट ब्रिज का निर्माण और पुराने फुट ओवरब्रिज का विस्तार हुआ होता तो शायद आज अरुण कुमार साहू की मौत नहीं होती। फ्लाई ओवर ब्रिज के शिलान्यास हुए दो वर्ष बीत गये हैं, लेकिन कार्य आगे नहीं बढ़ा है। फुट ओवरब्रिज का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। अयुब ने अरुण की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए फ्लाई ओवर ब्रिज, अंडरब्रिज पास, फुट ब्रिज का निर्माण जल्द करने की मांग की है।

### हाईवा ने ट्रक में मारी टक्कर, दो चालक समेत तीन घायल

**बालूमाथ।** सीसीएल की मगध संघमित्रा एरिया द्वारा संचालित बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित चमातू कोलवरी में शनिवार की सुबह एक अनियंत्रित हाईवा ने दो खड़े ट्रकों में टक्कर मार दी। इससे दोनों ट्रकों के चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में ट्रक चालक बिहार राज्य के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के राजपुर ग्राम निवासी लालदेव यादव का पुत्र बिंदु यादव, श्याम नगर नीमा ग्राम निवासी मो. साकिब खान के पुत्र आरिफ खान तथा औरंगाबाद जिले के मौवार खैरा ग्राम निवासी बसंत सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह शामिल हैं। सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर संजय सिद्धार्थ की देखरेख में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार उपरोक्त लोग बैरियर के पास अपने ट्रकों को लगाकर नीचे खड़े थे। हाईवा चालक ट्रक को धक्का मारते हुए फरार हो गया। लोगों का मानना है कि अगर हाईवा वाहन और तेज गति में होता तो कई लोगों की जान जा सकती थी। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय मेले का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड के बेला में अवस्थित कैलाश धाम मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पंद्रह दिवसीय मेले का शुभारंभ भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुजित भारती व विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने किया। मेले में हजारीबाग, गया, चतरा कोडरमा आदि जिले से व्यापारी बर्तन की दुकान वर्ष 1964 से लगाते आ रहे हैं। इस वर्ष मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मेले में झूला व अन्य मनोरंजन के संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। साथ ही प्रत्येक दिन प्रवचन होगा। बता दें कि हाल के दिनों में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने विधान सभा सत्र के दौरान सरकार से कैलाश धाम मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग उठाई है। मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज की हुई प्रखंड स्तरीय बैठक

# नशाखोरी पर रोक लगाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा के तत्वाधान में शनिवार को प्रखंड के गांगपुर शिव मंदिर परिसर में समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शशि कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन सचिव बीरेंद्र साहू ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष जीवलाल प्रसाद साहू आदि उपस्थित हुए। इस मौके पर प्रखंड की सभी पंचायत कमेटियों के लोगों को सम्मानित किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज में नशा खोरी पर रोक लगाने के साथ समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने का भी निर्णय लिया। होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया। बैठक में बबलू साव, कृष्णा साहू, प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू देवी, ज्ञानी चंद गुप्ता, गंदौरी साहू, यदुनन्द प्रसाद गुप्ता, तोखलाल साहू, त्रिलोकी साहू, विजय साहू, प्राणेश कुमार गुप्ता, भेखलाल साहू, गोपाल साहू,नेमु साहू, नमन साहू, गिरधारी साहू, देवनंदन साहू, फलेनदर गुप्ता, सुनील गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# दवा विक्रेता के पुत्र का हुआ कनीय अभियंता पद पर चयन

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

झारखंड सरकार द्वारा रांची में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में आदर्श नगर निवासी आनंद बिहारी को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा। आनंद लातेहार जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता के पुत्र हैं। आनंद बिहारी का चयन जेपीएससी द्वारा हाल में ही संपन्न नियुक्ति परीक्षा के पश्चात कनीय अभियंता के रूप में हुआ है। आनंद को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में बतौर कनीय अभियंता पदस्थापित किया गया है। इससे पूर्व उनका चयन भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की इकाई बॉर्डर रोड ऑर्गेनाईजेशन (बीआरओ) में बतौर सिविल इंजीनियर हुआ था। पुत्र की उपलब्धि पर पिता विनोद बिहारी गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया। माता सुनीता देवी, चाचा प्रमोद कुमार गुप्ता समेत केदारनाथ गुप्ता एवं युवा समाजसेवी अजित कुमार अन्य सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक संगठन के लोगों ने आनंद बिहारी को शुभकामनाएं दी हैं।



# विधायक रामचंद्र सिंह ने विभिन्न गांवों में आठ योजनाओं की रखी आधारशिला

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को प्रखंड के दर्जनों ग्रामों का दौरा कर अपने विधायक मद से आठ जनोपयोगी योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से बंसकरचा से सरनाडीह, बोहटा से मौनाडीह भाया साले पारिष, पीडब्लूडी रोड रामपुर से शास्त्री चौक भाया बिरसा चौक, जोरी से मेढ़ारी भाया भीतरकोना, बेलटोली से परहाटोली भाया डुम्बरडीह, मिरगी से चटकपूर तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। विधायक मद से ग्राम साले चर्च में शौचालय निर्माण, बराही चर्च में सामुदायिक भवन निर्माण, गोठगांव में पारिष व स्कूल में घेराबंदी निर्माण तथा ग्राम परहाटोली से तुन्दुटोली तक पथ निर्माण कार्य समेत आठ योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान बीडीओ अमरेन डांग, डीएसपी हिमांशु चन्द्र मांझी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, संवेदक मनीष सिंह, अजित पाल कुजुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, तनवीर उर्फ रिन्कु, समाजसेवी सुभाष प्रसाद, नुरूल अंसारी, मुखिया रेणुका टोप्पो, उषा खलखो, उपमुखिया राजेश कुजूर, सुषमा कुजूर, प्रमिला मिंज, रिनु तिग्गा आदि मौजूद थे।



# आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने किया रेल चक्का जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी के तहत बरवाडीह 17सी रेलवे क्रॉसिंग के पास पारंपरिक तीर धनुष व अन्य हथियारों के साथ रेल चक्का जाम कर दिया। इससे अप एवं डाउन रेलवे लाइन पर करीब आधा घंटा ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे रेलवे सुरक्षा बल के आरपीएफ इंस्पेक्टर व अन्य अधिकारियों ने आदोलनकारियों को समझा बुझा कर एवं उनकी मांगों को अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन देकर जाम हटाया। इसके बाद आंदोलनलनकारियों ने स्टेशन प्रबंध को 10 सूत्री मांग पत्र दिया, जिसमें बरवाडीह - मंडल जर्जर सड़क का निर्माण कराने, झारखंड का कोयला, बॉक्साइट पत्थर झारखंड में ही रहने, झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित कर पेंशन लागू करने, केचकी, छिपादोहर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण करने, बरवाडीह और केचकी स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करने, बरवाडीह -चिरिमिरी लाइन निर्माण करने, पीटीआर में ग्रास प्लॉट और प्लांटेशन के नाम पर जंगलों की अवैध कटाई बंद करने आदि की मांगें शामिल थीं। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष विक्टर केरकेट्टा, फ्रांसिस गुड़िया, शशि भूषण तिवारी, सिलास गुड़िया, दीनानाथ राम, महेंद्र पासवान, कुंदन आदि मौजूद थे।



# सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर में आयोजित शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शनिवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। यह महायज्ञ 2 मार्च को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था। मुख्य यजमान की भूमिका रति गंजू एवं आदित्य साहू ने निभाई। प्रतिदिन दोपहर 2:00 से संध्या 5:00 बजे तक पंडित सुरेश शास्त्री द्वारा श्री राम कथा एवं संध्या 7:00 से रात्रि के 10:00 तक रासलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महायज्ञ के अंतिम दिन हजारों की संख्या में लोगों ने यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा की। महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष राम दर्शन तिवारी के साथ निर्मल कुमार सिन्हा, देवेंद्र कुमार सिन्हा, गजेंद्र कुमार चौबे, विनोद बिहारी गुप्ता, जगनारायण पाठक, शंभू प्रसाद, संतोष यादव, रामजी सिंह, रति गंझू, धनुषधारी गंझू, प्रदीप गंझू, लालजीत गंझू, शैलेश सिंह, शंभू प्रसाद सिन्हा, अवधेश भगत, संजय प्रसाद, ललन सिंह, लवकेश सिंह, विकाश गर्ग, बिजय कुमार, जितेंद्र सिन्हा, चंद्रभूषण मिश्र, रबिंद्र प्रसाद, घनश्याम गंझू, अशोक साव, अजित ओझा, रौशन कुमार अनिल कुमार, चंदन कुमार, विनोद साहू, शशि भूषण गुप्ता, अखिलेश पांडे, लालदेव गंजू, अखिलेश भोक्ता, दिलीप विश्वकर्मा, रवि कुमार सिंह, उपेंद्र रंगीला, संजीव कुमार सिन्हा, जितेंद्र साहू, मनोज यादव, गोविंद यादव, अरुण लाल, रंजीत लाल, तरुण कुमार सिन्हा, अनुज कुमार जायसवाल, प्रणव कुमार, लालदीप कुमार, रवि रजक, राजेंद्र चावल, विवेक सिंह, सुनील पांडे, आशीष कुमार ओझा, बृजभूषण मिश्रा, सुरेंद्र साहू, दशरथ पासवान, चंचल पांडे, संजय ओझा, लखन गुप्ता, दीपक यादव, प्रीत लाल यादव, संजय कुमार यादव, राजू गुप्ता, सुदामा प्रजापति, यमुना ठाकुर, जय मंगल यादव, विष्णु गंजू, सुरेश गंजू, मुकेश आनंद भूमिका निभाई।



# 1997 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

सदर प्रखंड के लक्षणपुर डैम परिसर में शनिवार को प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के 1997 मैट्रिक बैच के पूर्वती छात्रों का गेट टू गेदर एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में दिलीप सिन्हा, राजेश कुशवाहा, अनिल कुमार, रविंद्र सोनी, लक्ष्मण दांगी, पोखन राम, कृष्णा पांडेय, विनय कुमार, आशीष कुमार पांडेय, वकील राम, रेखा कुमारी, बबीता कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रमिला कुमारी, प्रदीप ठाकुर, उमेश कुमार, अर्जुन यादव सहित अन्य शामिल थे।



## राजनीति

### आजसू सुप्रीमो ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# कुव्यवस्थाओं पर सुदेश महतो का प्रहार

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर मेलाटांड में शनिवार को आजसू के कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो पहुंचे। कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक गणेश गंझू ने अपने समर्थकों के साथ आजसू का दामन थामा। महतो ने पार्टी पट्टा तथा माला पहनाकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में महतो ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोल व विद्युत परियोजनाओं द्वारा भारी धूल व धुएं से आम-जनजीवन पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को दृष्टांकित करते हुए उन्होंने प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि, समरूप मुआवजा नीति की आवश्यकता, स्थानीय भू-रैयतों के शोषण पर चिंता व्यक्त की और रोकथाम के लिए उच्चस्तरीय जांच के बाद कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में अपेक्षाकृत भीड़ नहीं होने की चर्चा छाई रही।



### स्व. प्रभाकर मिश्रा के परिजनों से मिले पूर्व विधायक प्रकाश राम

**चंदवा।** प्रसिद्ध समाजसेवी रहे दिवंगत प्रभाकर मिश्र के परिजनों से शनिवार को पूर्व विधायक प्रकाश राम मिलने उनके निवास स्थान पर पंहुचे। उन्होंने उनके पिता पंडित बालकृष्ण मिश्र समेत शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। प्रकाश राम ने कहा कि इस मुसीबत की घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं। मौके पर उप-प्रमुख अश्विनी मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, बिनय कुमार रिक्की, रविराज आदि भी मौजूद थे।

# हाईवा एसो. की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

प्रखंड क्षेत्र के बिंगलात स्थित 5 नंबर बैरियर के समीप शनिवार को विस्थापित-प्रभावित हाईवा संयोजक मंडली की बैठक हुई। इसमें वाहन मालिकों की समस्याओं व चुनौतियों पर चर्चा की गई। आम्रपाली कोल परियोजना से एनटीपीसी तथा पीएनएम नामक कंपनी द्वारा बाहरी गाड़ियों की बदौलत कोयले की ढुलाई पर अविलंब रोक नहीं लगाने पर आंदोलन करने की बात कही गई। बताया गया कि तीन माह पूर्व एनटीपीसी द्वारा 5 नंबर बैरियर से कोयले की ढुलाई महज एक सप्ताह तक करने की सहमति बनी थी, जिसे लगातार दरकिनार किया जा रहा। इससे लोकल गाड़ियों के परिचालन में परेशानी हो रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर बिजय साहु, होरिल साव, रंजीत कुमार, सुरेश साव, दीपक महतो, राजदीप, मनोज, महेंद्र आदि मौजूद थे।



# दुमका से कल्पना के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

## हजारीबाग से यशवंत सिन्हा और गिरिडीह से मथुरा महतो को मिल सकता है टिकट


**उपेंद्र गुप्ता। रांची।**
झारखंड में लोकसभा के 14 में से 11 सीटों पर भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं, इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) में अभी भी उम्मीदवार को लेकर मंथन जारी है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की राजनीति में उतरने के बाद सबसे अधिक कयास उन्हीं को लेकर किया जा रहा है कि वे लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी या नहीं, और लड़ेंगी तो किस सीट से चुनाव लड़ेंगी। कल्पना के लिए गिरिडीह और दुमका सीट से लड़ने की चर्चा है। जानकारी के अनुसार गिरिडीह सीट से मथुरा महतो का नाम झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने लगभग तय कर लिया है। ऐसे में कल्पना सोरेन की दुमका से चुनाव मैदान में उतरने की अधिक संभावना है।



### कल्पना सोरेन के लिए दुमका सबसे सुरक्षित सीट

संथाल परगना की सबसे चर्चित सीट दुमका पर सोरेन परिवार का दबदबा रहा है। संथाल आदिवासी बहुल क्षेत्र है और खुद शिबू सोरेन कई बार जीत दर्ज कर चुके हैं। सदर दुमका विधानसभा से हेमंत सोरेन भी विधायक रह चुके हैं और अभी उनके छोटे भाई बसंत सोरेन विधायक हैं। वहीं, जामा विधानसभा सीट से शिबू सोरेन की सबसे बड़ी बहू सीता सोरेन तीन बार से चुनाव जीत रही हैं। कल्पना सोरेन के लिए दुमका सबसे सुरक्षित सीट हो सकता है। लेकिन, इसमें एक पेंच है कि शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन स्वयं दुमका से चुनाव लड़ना चाहती हैं और जामा की सीट से अपनी बेटी को विधानसभा चुनाव में उतारना चाहती हैं।





### गिरिडीह से मथुरा महतो हो सकते हैं प्रत्याशी

कुर्मी बहुल सीट होने के कारण गिरिडीह लोकसभा सीट से टुंडी विधायक मथुरा महतो झामुमो की ओर से चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि झामुमो केंद्रीय कमेटी ने उनके नाम पर सहमति जाता दी है। इसकी सहमति शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन ने भी दे दी है। एक-दो दिन में नाम की घोषणा भी हो सकती है। झामुमो गिरिडीह लोकसभा सीट को लेकर पिछले काफी दिनों से मंथन कर रहा था। जगरनाथ महतो के निधन के बाद झामुमो को गिरिडीह लोकसभा सीट से एक मजबूत कुर्मी उम्मीदवार की तलाश थी। मथुरा महतो 2005, 2009 और 2019 में टुंडी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर विधायक बने हैं।

### यशवंत को हजारीबाग से फिर से उतारने का प्रयास

यशवंत सिन्हा और उनके बेटे जयंत सिन्हा को जब भाजपा ने साइड लाइन कर दिया, तब से इंडी गठबंधन के कई नेता पिता यशवंत सिन्हा के संपर्क में बताए जा रहे हैं। इंडी गठबंधन यशवंत सिन्हा को भाजपा के खिलाफ हजारीबाग से चुनाव मैदान में उतारने की योजना पर काम कर रहे हैं। लेकिन, सूत्र बताते हैं कि यशवंत सिन्हा ने अभी प्रस्ताव को ना तो स्वीकार किया है, और ना ही ठुकराया है। वे खुद इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं, जो एक-दो दिन में साफ हो जाएगा। यशवंत सिन्हा फिलहाल बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में हैं।

## कांग्रेस जमीनी नेताओं को बनाएगी उम्मीदवार : मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
रांची/देवघर , 09 मार्च (हि. स.)। प्रदेश कांग्रेस की ओर से गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक देवघर में शनिवार को हुई। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव संविधान को बचाने और बेचने वालों के बीच है। इस संविधान को हम बचाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार अपने मन मुताबिक संविधान में परिवर्तन कर इसकी मूल भावना को बेचने का काम कर रही हैं। अगर आज हमने संघर्ष कर इस लड़ाई को नहीं जीता तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के संविधान की मूल प्रस्तावना सिर्फ इतिहास में ही दर्ज होकर रह



जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में निर्विवाद और जमीनी नेताओं को उम्मीदवार बनाने जा रही है। हमें हर कीमत पर उनकी जीत निश्चित करनी है ताकि केंद्र में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बन सके। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। और उनकी इस लड़ाई में साथ निभाकर हम हर कीमत पर समाज को न्याय दिला कर रहेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि न्याय के पांच स्तंभों में से एक युवा न्याय के लिए राहुल गांधी ने प्रमुख घोषणा कर दी हैं जिसमें केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर तुरंत 30 लाख पदों पर भर्ती, 25 वर्ष तक के प्रत्येक स्नातक एवं डिप्लोमा धारी को अप्रेंटिसशिप अधिकार के तहत प्रतिवर्ष एक लाख रुपए का पारिश्रमिक भत्ता, पेपर लीक से मुक्ति के लिए कड़े कानून का प्रावधान, जिग वर्कर्स के लिए नए सामाजिक सुरक्षा कानून की घोषणा की है।

## चुनाव आयोग जल्द करे झारखंड का दौरा : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्य चुनाव आयोग से आग्रह है कि सोमवार से शुक्रवार तक चुनाव आयोग रांची आये और हमारी भवनाओं से अवगत हो। लोकतंत्र को आगे बढ़ाने का काम 1952 से चुनाव आयोग ने किया था और यह परंपरा अब भी जारी है। चुनाव आयोग प्रत्येक नागरिक को सुनिश्चित करता है कि वह भयमुक्त होकर अपने संवैधानिक हक का प्रयोग करे। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज नौ तारीख है पिछले चुनाव में 10 मार्च को वह तिथि थी जब 14वीं लोकसभा सीट गठन के लिए



अधिसूचना जारी की गई थी। उस समय राज्य में भाजपा की सरकार थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से राज्य के जो राष्ट्रीय दल हैं। भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, माकपा, भाकपा, और जो क्षेत्रीय पार्टियां हैं उन्हें भी बुलाया गया था और चुनाव के संबंध में उनसे राय ली गई थी लेकिन आज वह परंपरा बदल गई है, जो चुनावी सभाएं होंगी, यात्रा होगी उसमें पारदर्शी तरीके से समय का अलॉटमेंट होगा। लेकिन अब तक इसको लेकर कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है, क्या यहां केवल एक ही पॉलीटिकल पार्टी का इंटरेस्ट है। 2019 का चुनाव लोकसभा और विधानसभा का चुनाव में हमारे स्टार प्रचारक को रोक दिया जाता था। प्रशासन की ओर से भाजपा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई सभा को संबोधित करने के लिए कई जगह जाते थे, और उनके रेडियस तक ₹नो फ्लाइंग जोन₹ हो जाते थे। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आदिवासी नागरिक नहीं हैं। क्या झारखंड में भी चुनाव होना उनके लिए जरूरी नहीं है।

## केंद्र सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों के जरिये हेमंत को प्रताड़ित कर जेल भेजा : झामुमो




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 23वें दिन शनिवार को रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू की अध्यक्षता उपवास रखा। मौके पर विनोद किस्कू ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों के जरिये दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम किया है। इस षड्यंत्र के विरोध में हम यहां उपवास कार्यक्रम पर बैठे हुए हैं।

रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाएं हो या कल्याणकारी योजनाएं देने काम करने वाले हमारे हेमंत सोरेन को केंद्र की भाजपा सरकार साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया है। जबतक हमारा झारखंडी शेर जेल से बाहर नहीं आता है, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

## 60 हजार से अधिक लोग पहुंचे ट्रेड फेयर

### जमकर की खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
मोरहबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आठवें दिन शनिवार को लोगों का आना जाना लगा रहा। अभी तक 60 हजार से अधिक लोग फेयर देखने पहुंच चुके हैं। फेयर अब मात्र दो दिन ही रहेगा।

फेयर में भारी भीड़ उमड़ रही है और बहुत से लोगों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की। फेयर में खाने पीने के साथ-साथ किचन, बेडरूम, बच्चों के खिलौने, ड्राई फ्रूट्स, चूड़ी, लहठी, आभूषण, गर्म कपड़े, जूते चप्पल, सजावटी सामान तमाम चीजों का संग्रह एक छत के नीचे उपलब्ध है। लोग इन उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं। जीएस मार्केटिंग और झारखंड चैंबर के संयुक्त रूप से मेगा ट्रेड फेयर को लगाया है।

इस फेयर में 12 से अधिक

### झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग ने लगाया ट्रेड फेयर




भारतीय राज्यों और दुबई, मलेशिया सहित 9 देशों के हस्तशिल्प, फर्निचर, लकड़ी के उत्पाद, जूट उत्पाद, पारंपरिक जामदानी साड़ियां, डिजाइनर सूट और सहायक उपकरण की प्रदर्शनी लगी हुई है। वहीं, विभिन्न प्रकार के फर्नीचर और आंतरिक सामान, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद, दीवारों पर लटकने वाले सामान, सूखे फल, साड़ी और सूट, हथकरघा बिस्तर की चादरें, 3-डी पेंटिंग, सौंदर्य और सौंदर्य प्रसाधन और कई अनोखे इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण जैसे बॉडी मसाजर, पिकनिक टेबल, शॉल, फिरन, कालीन, हैंडबैग की पूरी रेंज मौजूद हैं। इसके अलावा, बिना तेल में खाना पकाने वाले गैस ओ ग्रिल उत्पाद, पिकनिक टेबल भी लोगों को पंसद आ रहा है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि एक छत के नीचे ट्रेड फेयर मेला लगाया गया है। इसमें तरह-तरह के समान लोग एक ही जगह पर खरीद सकते हैं। इस तरह के आयोजन से लोगों के साथ-साथ जो बाहर प्रदेश से अपने सामान लेकर यहां पहुंचते हैं, उनको भी मुनाफा होता है। उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने रांची वासियों से अपील की है कि ट्रेड फेयर का फायदा जल्द से जल्द उठाएं। ट्रेड फेयर का समापन 11 मार्च को होगा। कई उत्पादों पर छूट मिल रही है। इसका लाभ उठाएं। यह जानकारी चैंबर के प्रवक्ता विकास विजयर्गीय ने दी।

## चुनावी दंगल में दिग्गजों का उतरने से इनकार

# कांग्रेस के सामने दमदार चेहरे के चयन की चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की बिसात पूरी तरह से बिछ चुकी है। भाजपा ने 195 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा भी कर दी है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक सिर्फ 39 सीटों के प्रत्याशियों के नाम जारी किए हैं। कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में दक्षिण भारत के राज्यों पर खास फोकस किया है। इस सूची में उत्तर भारत के राज्यों के लोकसभा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की गई है। इसके पीछे उत्तर भारत के राज्यों के कई बड़े चेहरे चुनावी दंगल में उतरने से कतरा रहे हैं।

**दिग्गज कह रहे ना बाबा ना :** आज भाजपा में टिकट के लिए मारामारी हो रही है। हर कोई भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने का मंसूबा पाले है। एक जमाने में कांग्रेस में ऐसी ही स्थिति थी। लेकिन, आज कांग्रेस की हालत यह है कि कांग्रेस के अधिसंख्य बड़े नेता लोकसभा का चुनाव लड़ना ही नहीं चाहते हैं। सभी बड़े चेहरे को चुनाव मैदान में उतार कर कांग्रेस एक अलग माहौल बनाना चाहती है, लेकिन वे पीछे हटते नजर आ रहे हैं। इस सूची में सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, पीएल पुनिया, रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा, भूपिंदर सिंह हुड्डा जैसे कई बड़े नेताओं ने अलग-अलग कारणों से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

### राम मंदिर की लहर से कांग्रेसी नेताओं को हार का डर

पूरे उत्तर भारत में राम मंदिर की जबरदस्त लहर है। हर तरफ राम ही राम का नारा है। भाजपा इसे चुनावी मुद्दा भी बनाएगी। कई चुनावी सर्वे में भी राम मंदिर मुद्दे को भाजपा की जीत का सबसे बड़ा कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस के सभी बड़े दिग्गज अच्छी तरह समझ चुके हैं कि राम मंदिर के इस तूफानी लहर में भाजपा को टक्कर देना काफी मुश्किल होगा। यही कारण है कि उत्तर भारत के कई बड़े नेताओं ने चुनाव हारने की डर से चुनाव लड़ने से ही साफ इनकार कर दिया है।



### उत्तर भारत में बैसाखी का सहारा मजबूरी

उत्तर भारत में कांग्रेस की स्थिति काफी कमजोर है, जिसके चलते सहयोगी दलों के बैसाखी के सहारे चुनावी मैदान में उतर रही है। उसके कई बड़े नेता भी चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके हैं, वहीं असम, बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों में कांग्रेस की अब तक इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग फाइनल नहीं हो सकी है। इसलिए वहां के उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बाद में होगी। उत्तर प्रदेश में सपा के साथ सीट शेयरिंग में हुई देरी के चलते अमेठी और रायबरेली सीट पर अंतिम फैसला नहीं हो सका है, क्योंकि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ही नहीं हो सकी। माना जा रहा है कि कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें से एक-दो सीटों की सपा के साथ अदला-बदली हो सकती है। इसके अलावा, कांग्रेस अपने दिग्गज नेताओं को चुनावी मैदान में उतारना चाहती है, जिसमें से कुछ चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इन्हीं कारणों के चलते कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की सीटों पर कैंडिडेट के नाम की घोषणा नहीं कर सकी है।

### दक्षिण के राज्यों पर कांग्रेस को ज्यादा भरोसा

भाजपा दक्षिण में कमजोर है, जबकि कांग्रेस दक्षिण भारत काफी मजबूत है। हाल ही में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनी है। इसलिए कांग्रेस दक्षिण को खास महत्व दे रही है। पहली सूची में इसका प्रमाण भी दिखता है। कांग्रेस ने केरल से सबसे ज्यादा 16 कैंडिडेट्स के नाम का ऐलान किया है। इसके अलावा, कर्नाटक से 7, छत्तीसगढ़ से 6, तेलंगाना से 4, मेघालय से 2 और सिक्किम, त्रिपुरा, लक्षदीप और नगालैंड से 1-1 उम्मीदवार के नाम की घोषणा की गई है। इस सूची में तीन-चार बड़े चेहरे भी शामिल हैं, जिनमें खुद राहुल गांधी केरल के वायनाड से चुनाव लडेंगे। केरल से ही अलाप्पुझा लोकसभा सीट से राष्ट्रीय महासचिव केसी वेनुगोपाल, केरल के तिरुवनंतपुरम सीट से शशिथरूर और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नाम प्रमुख हैं। लेकिन, सूची में अमेठी और रायबरेली का नाम नहीं होने से सभी को थोड़ा आश्चर्य हुआ है। राहुल गांधी का नाम सिर्फ वायनाड से था। अमेठी और रायबरेली गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है।

### कर्नाटक में भी नेता चुनाव लड़ने से कर रहे इनकार

ऐसा नहीं है कि केवल उत्तर भारत के नेता ही चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे हैं, दक्षिण के कर्नाटक राज्य में कई मंत्रियों ने चुनाव लड़ने से सार्वजनिक रूप से साफ इनकार कर दिया है। कर्नाटक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गृह राज्य है। यहां कांग्रेस की सरकार है। हाल ही में भाजपा को कड़ी शिकस्त देकर कांग्रेस ने सरकार बनाई है, इसलिए कांग्रेस चाहती थी कि राज्य के कई मंत्री चुनाव लड़ कर माहौल बनाएं। लेकिन, सभी ने पार्टी के चुनाव लड़ने के अनुरोध को ठुकरा दिया है। सिद्धारमैया सरकार का कोई भी मंत्री पद छोड़कर अनिश्चितता में गोता लगाने को इच्छुक नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से कमांडेंट एसडी शेरखाने ने की मुलाकात



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (26वीं) के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वयंसिद्धा पुस्तक भेंट की।

### ढाई हजार गर्भवती और कुपोषित महिलाओं के बीच पोषण किट वितरित करेगी गेल



**रांची।** गेल इंडिया की ओर से रांची लोकसभा क्षेत्र की ढाई हजार गर्भवती और कुपोषित महिलाओं के बीच पोषण किट मुहैया कराया जाएगा। इस पोषण किट में ड्राई फ्रूट्स, नट्स समेत कई पोषक चीजें शामिल हैं। गेल इंडिया के सीएसआर मद से पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। सांसद संजय सेठ के निर्देश पर भाजपा महानगर और ग्रामीण कार्यकर्ता गर्भवती और कुपोषित महिलाओं के बीच घर-घर जाकर किट का वितरण करेंगे। सांसद कार्यालय में शनिवार को पोषण किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद अजय मारू सहित की भाजपा के कई नेता मौजूद थे। इस मौकै पर एक कक्षा-एक किताब नाम की पुस्तक के वितरण का भी शुरुआत की की गयी। सांसद ने कहा कि ढाई लाख पुस्तकें छपवाई गई हैं। कक्षा एक से 5 तक के बच्चों के लिए यह किताब है। हर आंगनबाड़ी केंद्र को यह किताब दी जाएगी, ताकी बच्चे पढ़ सकें। सांसद ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में रहकर इस तरह के सामाजिक कार्य करके ही लोगों के दिल में जगह बनाई जा सकती है।

### जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बनीं दीपिका बेसरा

**रांची।** दीपिका बेसरा को जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन के बाद तत्काल प्रभाव से यह घोषणा की है।

### प्रदीप वर्मा और आशा लकड़ा को भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**रांची।** प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार और आशा लकड़ा को राष्ट्रीय जनजाति आयोग का सदस्य बनाए जाने पर प्रदेश नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य नेताओं ने खुशी जताई। मरांडी ने कहा कि नेतृत्व ने पार्टी के विचार एवं संगठन कार्य के लिए समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान दिया है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने बाल मृत्यु दर कम करने के उपायों पर राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि झारखंड में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में कोर्ट ने राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सरकार से राज्य के सरकारी अस्पतालों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर कम करने के लिए किए गए उपाय के बारे में भी जानकारी मांगी है। इसके अलावा कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने से होने वाली मौत को रोकने के लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर आदि सरकारी अस्पतालों में सांप के काटने की दवा की क्या व्यवस्था है? मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**कक्षा एक से पांचवीं तक जनजातीय...**
भाषाओं को शामिल कर इन भाषाओं की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की जनजातीय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन और विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता में है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई प्रारंभ की जा सके। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल एवं शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय जनजाति आयोग की...**
बंगाल की सह प्रभारी हैं। झारखंड में सशक्त आदिवासी महिला के रूप में उभरी डॉ. आशा लकड़ा के कार्यक्षेत्र और आम लोगों के बीच उनकी अलग पहचान को लेकर केंद्रीय भाजपा कमेटी ने उन्हें राष्ट्रीय कमेटी में राष्ट्रीय मंत्री पद की जिम्मेदारी दी। वर्ष 2022 में उन्हें देश के कई राज्यों में चुनावी रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। छत्तीसगढ़, असम, पश्चिम बंगाल और गोवा में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सूझबूझ एवं राजनीतिक परिपक्वता से भाजपा को बढ़त दिलाई। अब केंद्र सरकार ने उन्हें नई जिम्मेदारी दी है। आशा लकड़ा ने इस नई जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। सच्ची लगन, मेहनत और ईमानदारी से किए गए काम का ही प्रतिफल है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं। इसके बाद नई-नई जिम्मेदारियां मिली, जिसे अपना कर्तव्य मानकर आगे बढ़ी। अब इस नई जिम्मेदारी को भी बेहतर ढंग से पूरा करने का प्रयास करूंगी।

**पलामू में रोजगार की व्यवस्था को...**
व बाहर दोनों जगह जनता की आवाज को मुखर हो कर रखते रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत के अंतर को पिछले चुनाव से अधिक रखने में कार्यकर्ता संकल्पित भाव से जुट गए है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से पलामू लोकसभा क्षेत्र का निरंतर विकास जारी है। प्रेस वार्ता को श्याम नारायण दुबे, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने संबोधित किया। मौके पर प्रेम कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, अलख दुबे उपस्थित थे।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राजौरी के दरहाल क्षेत्र से दो जंग लगे हथगोले और गोलियां बरामद



**राजौरी।** राजौरी जिले के दरहाल क्षेत्र से शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो जंग लगे हथगोले और कुछ गोलियां बरामद कीं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस स्टेशन दरहाल के अधिकार क्षेत्र में राजौरी जिले के चौकियां इलाके से दो जंग लगे हथगोले और कुछ गोलियां बरामद की गईं हैं। इस संबंध में आगे की जांच शुरू कर दी गई है। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### नासिक में कार-बाइक दुर्घटना में चार की मौत, एक घायल

**नासिक (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के नासिक में सिन्नर-घोटी रोड पर शुक्रवार को बाइक और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना शाम करीब 4.30 बजे इगतपुरी तालुका में उम्बरखोन फाटा के पास हुई जब मोटरसाइकिल ने कथित तौर पर व्यस्त सड़क पर कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया। दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल पर तीन और कार में एक व्यक्ति सवार था, जबकि सड़क पर मौजूद कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए। कथित तौर पर गंभीर रूप से घायल कम से कम एक पीड़ित को ग्रामीणों ने घोटी ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सभी मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

### हेलीकॉप्टर हुआ हादसे का शिकार, दो सैनिकों समेत तीन की मौत

**ला ग्रुला।** अमेरिका के टेक्सास में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर हवाई हादसा हो गया। यहां एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में नेशनल गार्ड के दो सैनिक और सीमा गश्त के एक एजेंट की मौत हो गयी। सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार एक अन्य सैनिक घायल हो गया। संयुक्त कार्यबल उत्तर द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यूएच-72 लकोटा हेलीकॉप्टर संघीय सरकार के सीमा सुरक्षा अभियान पर था तभी वह शुक्रवार दोपहर को रियो ग्रांडे सिटी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।



### लचित बरफुकन की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम के जोरहाट जिले में 16वीं सदी के अहोम साम्राज्य के सेनापति लचित बरफुकन की 125 फीट उंची प्रतिमा (स्टैच्यू ऑफ वैलर) का होल्लोंगापार में अनावरण किया, जो जिले के टेओक क्षेत्र के करीब है। अहोम रीति-रिवाज से मूर्ति अनावरण का अनुष्ठान हुआ। इस 84 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण राम वनजी सुतार ने किया है। इसके बेस की ऊंचाई 41 फीट है। फरवरी 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने प्रतिमा की नींव रखी थी।

### प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी 55,600 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# समय, महीना या वर्ष कोई भी हो, मैं केवल देश और आपके लिए काम करता हूं : मोदी

### रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, आईटी, बिजली, तेल और गैस जैसी कई परियोजनाओं का तोहफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने शनिवार को मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में 55,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने ईटानगर से 123 प्रमुख विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश की 95 परियोजनाओं की नींव रखी। इस मौके पर उन्होंने सेला टनल को भी राष्ट्र को समर्पित किया और 10 हजार करोड़ रुपये की योजना शुरू की। शुरू की गई परियोजनाओं में रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, सीमा अवसंरचना, आईटी, बिजली, तेल और गैस जैसे अन्य क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में विकसित भारत विकसित उत्तर पूर्व कार्यक्रम को संबोधित किया। कहा, समय, महीना

**चीन सीमा के निकट सेला टनल राष्ट्र को समर्पित, 10 करोड़ की उन्नति योजना का शुभारंभ**



या वर्ष कोई भी हो, मोदी केवल देश और अपने लोगों के कल्याण के लिए काम करता है। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल (सेवानिवृत्त) लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती गांवों के विकास की उपेक्षा करने के लिए पूर्व की सरकारों की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, संपूर्ण पूर्वोत्तर यहां किए जा रहे विकास कार्यों से मोदी की गारंटी का अर्थ देख सकता है। उन्होंने 2019 में सेला सुरंग और डोनी पोलो हवाई अड्डे की आधारशिला रखने का उल्लेख किया, जिनका उद्घाटन किया गया है।

### तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** पीएम ने असम में कई परियोजनाओ का अनावरण करने के दौरान विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। पीएम ने तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। इसका निर्माण 2615 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। इसके अलावा बरौनी-गुवाहाटी गैस पाइपलाइन का लोकार्पण किया।

### 13 हजार फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दो लेन की सुरंग




**ईटानगर।** सेला-चारबेला रिज से होकर गुजरने वाली और न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से निर्मित यह सुरंग 13 हजार फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दो लेन की सुरंग है। एनएटीएम का उपयोग विशेष रूप से हिमालय क्षेत्र में सुरंगों के निर्माण में किया जाता है। यह सुरंग बालीपारा-चारद्वार-तवांग रोड पर तवांग क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण धुरी है। सेला सुरंग की आधारशिला 9 फरवरी, 2019 को पीएम ने ही रखी थी। इस सुरंग में क्रमशः 1,003 मीटर और 1,595 मीटर लंबी दो सुरंगें हैं। इनमें 8.6 किमी की पहुंच और लिंक सड़कें हैं, जिनका निर्माण 825 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। दूसरी सुरंग में अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार मुख्य सुरंग से सटी एक एस्केप ट्यूब भी है। मुख्य ट्यूब के समानांतर बनी एस्केप ट्यूब हर 500 मीटर के बाद क्रॉस पैसेज से जुड़ी है और आपातकालीन स्थिति में इस एस्केप ट्यूब का उपयोग बचाव वाहनों की आवाजाही और फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए किया जा सकता है। सुरंग को 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ प्रति दिन तीन हजार कारों और दो हजार ट्रकों के आने-जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## लोस चुनाव के लिए कांग्रेस के पत्ते नहीं खोलने से अमेठी सीट पर बढ़ा संशय

**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची जारी हो चुकी है, जिसमें राहुल गांधी को वायनाड से उम्मीदवार घोषित किया गया है। हालांकि, कांग्रेस ने अमेठी सीट को लेकर अभी पत्ते नहीं खोले हैं। ऐसे में वायनाड से राहुल गांधी का टिकट फाइनल होने के बाद यूपी की इस लोकसभा सीट को लेकर संशय बना हुआ है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो राहुल गांधी के लिए केरल की वायनाड सीट काफी सेफ है। ऐसे में वह साल 2019 की तरह फिर एक बार अमेठी से भी चुनाव लड़ सकते हैं। अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। लेकिन, 2019 में इस सीट पर भाजपा ने बड़ा उटलफेर करके राहुल गांधी को हरा दिया था। यहां से स्मृति ईरानी सांसद चुनी गई थीं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए राहुल गांधी को अमेठी और प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए, तभी पार्टी को मजबूती मिलेगी। लेकिन, अभी तक इन दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। ज्यादा देरी से भी मामला बिगड़ सकता है।

### मप्र. से राहुल की यात्रा गुजरते ही कांग्रेस को बड़ा झटका



**भोपाल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस का हाथ छोड़ने के बाद कहा कि जहां राम का अनादर हो, उसका साथ छोड़ देना चाहिए। वो 40 साल से ज्यादा वक्त तक कांग्रेस में रहे और गांधी परिवार के करीबियों में उनकी गिनती होती रही है। उन्होंने कांग्रेस तब छोड़ी जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश से गुजर चुकी थी। भाजपा पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सुरेश पचौरी के अलावा पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल समेत कई बड़े नेता भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित तमाम बड़े नेताओं ने पचौरी और उनके साथ आए कांग्रेस नेताओं का भाजपा में स्वागत किया।

### मुंबई कोस्टल रोड का उद्घाटन सोमवार तक के लिए टला

**मुंबई।** मुंबई कोस्टल रोड परियोजना का पहला चरण आंशिक रूप से उद्घाटन के लिए तैयार है, लेकिन कथित तौर पर 'वीआईपी के अनुपलब्ध होने' के कारण इसमें देरी हो रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यहां बताया कि उद्घाटन सोमवार तक के लिए टाल दिया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शनिवार को उत्तर-दक्षिण शाखा का उद्घाटन करने वाले थे, लेकिन इसे 11 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है क्योंकि महायुति गठबंधन के अन्य नेता लोकसभा सीट-बँटवारे की बातचीत में व्यस्त हैं। जनवरी में, जब शिंदे सुरंग सहित नई सड़क के दौरे पर गए थे, तो उन्होंने घोषणा की थी कि वर्ली से चौपाटी तक एक लेन उस महीने के अंत तक चालू हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाद में, ऐसी अटकलें थीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं मौजूद रहकर या वर्चुअली इसका उद्घाटन करेंगे, लेकिन वह चुनाव अभियान में व्यस्त हैं।

## लोकसभा चुनाव में इस बार बिहार की सभी 40 सीटें मोदी की झोली में डालनी है: अमित शाह

**एजेंसी। पटना**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार दोपहर पटना के पालीगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम जब-जब आए बिहार की जनता ने हमारी झोली कमल से भर दी। वर्ष 2014 में आए तो 31 सीटें दी, 2019 में आए तो 39 सीटें दी और अब 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी की झोली में डालना है। अमित शाह ने सोनिया गांधी और लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि एक का लक्ष्य बेटे को प्रधानमंत्री बनाना है तो दूसरे का लक्ष्य बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का है। लालू जिस कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठे हैं, उसने हमेशा पिछड़ा-अति पिछड़ा का विरोध करने का काम किया। लालू केवल गरीबों की जमीन हथियाने का काम कर सकते हैं। गरीब का यदि कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपाकर सकती है। अमित शाह ने कहा कि लालू को चेताने आया हूं कि भाजपा में डबल इंजन की सरकार बन गई है। भू-माफियाओं को उल्टा लटकाने का काम भाजपा करेगी। हमारी सरकार एक कमेटी बनाएगी और गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले को जेल की हवा खिलाएगी। उन्होंने कहा कि लालू ने आडवाणी का रथ रोका था। लालू अब कुछ नहीं कर सकते। मोदी ने राम मंदिर का शिलान्यास भी किया और उद्घाटन भी। अब लालू रोक कर दिखाएं। बिहार में एनडीए 40 की 40 सीटें जीतेंगी। यह भरोसा हमें बिहार की जनता ने दे दिया है। इस बार परिवार को बढ़ाने वाले का नहीं, बल्कि देश को बढ़ाने वाले का साथ हर कोई देगा।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी ने दबा दिया। राहुल गांधी ने ओबीसी कमीशन का विरोध दिया। राजद आज उसी कांग्रेस के साथ है। पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नरेन्द्र मोदी और भाजपा की सरकार ने दिया। पिछड़ा व अतिपिछड़ा का अपमान करने वाली कांग्रेस के साथ बैठी राजद व लालू यादव आपका भला नहीं कर सकती। गृह मंत्री अमित शाह ने लालू यादव और कांग्रेस पर ही दशकों तक 370 लागू रखे रहने का ठीकरा फोड़ा।

## लालू यादव के करीबी के घर आयकर विभाग ने मारा छापा

**एजेंसी। पटना**

राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी एमएलसी विनोद कुमार जायसवाल के यहां आयकर विभाग ने छापा मारा है। उनके आलीशान घर पर हुई इस कार्रवाई में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। जायसवाल शराब कारोबारी हैं और कई राज्यों में उनका कारोबार फैला हुआ है। उनके कई ठिकानों पर पिछले तीन दिनों से कार्रवाई चल रही है। बिनोद कुमार जायसवाल सीवान जिले के रहने वाले हैं। उनका पश्चिम बंगाल में शराब का बड़ा कारोबार है। इनके पूरे कारोबार का मुख्य कार्यालय कोलकाता में है। आयकर विभाग की टीम उनके कोलकाता समेत अन्य स्थानों पर मौजूद करीब आधा दर्जन ठिकानों पर पिछले तीन दिनों से छापेमारी कर रही थी। इसमें टैक्स में गड़बड़ी को लेकर बड़ी मात्रा में दस्तावेज बरामद हुए हैं। इन कागजात के आधार पर टैक्स में हेराफेरी से जुड़ी गड़बड़ी की जांच चल रही है। इसी क्रम में



कोलकाता के आयकर विभाग की टीम पटना पहुंची और उनके पटना स्थित आवास की भी सघन तलाशी ली गई। प्राप्त सूचना के मुताबकि, कोलकाता से आई आयकर की यह टीम छापेमारी करके वापस लौट गई।

अपने साथ सभी बरामद कागजात और निवेश से जुड़े तमाम दस्तावेजों को भी साथ ले गई है। आयकर विभाग की विशेष टीम ने राजद एमएलसी बिनोद कुमार जायसवाल के पटना स्थित घर पर शुक्रवार को छह घंटे तक सघन छापेमारी की। कदमकुआं स्थित अनुग्रह नारायण पथ पर मौजूद उनके आलीशान मकान की तलाशी ली गई। तलाशी में आयकर अधिकारियों ने बड़ी संख्या में दस्तावेज समेत अन्य संवेदनशील कागजात जब्त किए।

# उप्र में एनडीए के 80/80 के दावे की हकीकत

- इंडी गठबंधन को यादव-मुस्लिम और दलित वोट पर भरोसा
- एनडीए को राम, काम और सुशासन से चमत्कार की उम्मीद




**एजेंसी। नई दिल्ली।**

भाजपा अपने गठबंधन दलों के साथ मिलकर उप्र की 80 की 80 लोकसभा सीटें जीतने का हुंकार भर रही है। इसके लिए हर तरह का उपक्रम कर रही है। सो पहले उसके पुराने रिकॉर्ड को देखा जाए। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी व बसपा गठबंधन ने 15 सीटें जीती थीं। सपा को 5 तथा बसपा को 10 सीट मिली थी। कांग्रेस को एक सीट मिली थी। भाजपा को 62 तथा इसकी सहयोगी पार्टी अपना दल अनुप्रिया पटेल को 2 सीट मिली थी। अब तो अयोध्या में नये बन रहे भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। काशी में ज्ञानवापी मंदिर परिसर में पूजा-पाठ शुरू हो गया। मथुरा में भी अगले कुछ वर्षों में ऐसा ही होने की उम्मीद है।

वहीं कानून-व्यवस्था की स्थिति में जबरदस्त सुधार, समाज कल्याण योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को बिना भेदभाव मिलने और अर्थ व्यवस्था में उछाल से सरकार के प्रति बनी सकारात्मक धारणा भाजपा के दावे को मतबूती प्रदान कर रही है।

### भाजपा की ताकत विकास और सुशासन

वहीं भाजपा लगातार बूथ लेवल पर माइक्रो प्लानिंग में जुटी है। उसके संगठनात्मक प्रयास को राम मंदिर, बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर, ज्ञानवापी और श्री कृष्ण मंदिर मुद्दे से बल तो मिल ही रहा है। लेकिन सबसे सकारात्मक बात अर्थ व्यवस्था में तेजी से हो रहे सुधार को लेकर युवाओं में उत्साह है। युवाओं का एक बड़ा वर्ग है सरकारी बाबूगिरी के तिलिस्म से निकल वैकल्पिक रोजगार की ओर देख रहा है। युवाओं के इस सोच को बल देने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की ओर से लगातार कौशल विकास और वित्त पोषण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के लिए कानून-व्यवस्था की स्थिति सबसे बड़ी चुनौती रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि भाजपा के शासन काल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इससे हर वर्ग के बीच भाजपा की छवि निखरी है। विशेषकर बिना भेदभाव उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई और समाज कल्याण योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के पात्र लाभुकों को मिलने से भाजपा के प्रति लोगों का नजरिया बदला है। अब इसे वर्ग विशेष की पार्टी के मुकाबले सभी वर्ग की पार्टी के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसे में भाजपा के 80/80 के दावे को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

### सोशल इंजीनियरिंग का दर्द

2024 के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस व सपा ने मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। कांग्रेस को लगता है कि इस बार उप्र में दलित व मुसलमान वोट उसकी तरफ आएंगे। सपा को भी लग रहा है कि केन्द्र सरकार के विरूद्ध सीधी लड़ाई कांग्रेस व उसके नेता राहुल ही लड़ रहे हैं, तो दलित व मुसलमान उसकी तरफ आएंगे। सो कांग्रेस व सपा दोनों को लगता है कि इस बार स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। मायावती अपने बूते चुनाव लड़ेंगी, ऐसे में भाजपा के मुकाबले उनकी दावेदारी कमजोर नजर आ रही है। इस परिस्थिति में मुस्लिम, यादव और दलित वोटों को इंडी गठबंधन अपने पक्ष में मानकर चल रही है। गठबंधन को उम्मीद है इस सोशल इंजीनियरिंग से उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा।

### यादव वोट पर माथापच्ची

युवाओं में नाराजगी की काट के लिए पीएम लगातार उप्र का कार्यक्रम बनाने लगे हैं। सपा से यादव वोट तोड़ने के लिए मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव का उप्र में लगातार सभा का कार्यक्रम बन रहा है। कुछ यादव वोट भाजपा की तरफ गये हैं। लेकिन इस राज्य में यादवों के बीच सपा की पैठ इतनी है कि उसे भाजपा एक झटके में नहीं तोड़ सकती है। उसके प्रत्याशियों को मुसलमान भी मत देते हैं। उप्र में रामपुर,अलीगढ़ सहित 27 लोकसभा सीटों पर मुसलमान मतदाता किसी प्रत्याशी को हराने या जिताने की स्थिति में हैं। सो इन सीटों में से ज्यादा पर भाजपा कई तरह के उपक्रम करने के बाद भी आश्वस्त नहीं है। ऐसे सीटों पर भाजपा सुशासन, लाभार्थी, और बेहतर भविष्य के दावे पर भरोसा कर रही है।